**खबर संक्षेप**

## एक्सेस बैंक में 80 लाख का गबन, बैंक के वाइस प्रेसिडेंट ने कराई एफआईआर दर्ज



**मण्डला।** मंडला के एक्सेस बैंक में करीब 80 लाख रुपये गबन का मामला सामने आया है। एक्सेस बैंक की ओर से कोतवाली थाना में बैंक के ब्रांच मैनेजर गौरव तिवारी, कैशियर विवेक श्रीवास्तव और रोहित दुबे सेल्स प्रबंधक के विरुद्ध करीब 80 लाख रुपये गबन की शिकायत दर्ज कराई गई है। जिसके बाद कोतवाली पुलिस ने शनिवार देर रात तक चली कार्रवाई के बाद एफआईआर दर्ज कर तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया और मामले की जांच शुरू कर दी है। कोतवाली थाना प्रभारी शफीक खान ने बताया कि एक्सेस बैंक के क्लस्टर हेड और वाइस प्रसिडेंट रवि गौतम ने शनिवार को शिकायत दर्ज की है। जिसमें बताया कि 2 मई को एक्सेस बैंक की मंडला ब्रांच में नगदी का भौतिक निरीक्षण किया गया था, जिसमें ब्रांच में करीब 80 लाख रुपये की रकम कम पाई गई। जिसके बाद पूछताछ की गई तो आरोपियों ने एक अन्य बैंक को 80 लाख का भुगतान होना बताया। लेकिन उक्त बैंक का कोई चेक ऐक्सेस बैंक में नहीं पाया गया। उन्होंने बताया कि बैंक की ओर से की गई प्राथमिक जांच में उक्त तीनों आरोपियों के द्वारा 80 लाख रुपये का गबन पाए जाने पर शनिवार को एक्सेस बैंक की ओर से कोतवाली थाने में शिकायत दर्ज की गई। जिसके बाद थाने में धारा 420, 409, 120 बी के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया और आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। थाना प्रभारी ने बताया कि मामले की विवेचना की जा रही है आरोपियों से पूछताछ में पूरे मामले का खुलासा होगा।

### एक ही वेण्डर से गणवेश सप्लाई के लगे हैं आरोप

# आखिर क्या छुपाना चाहता है जांच दल

*** जांच के नाम पर निकाला जा रहा समय।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

*जनसामान्य से जुड़ी कोई योजना हो और उसके क्रियान्वयन को लेकर गंभीर आरोप लगे हों जिसकी जांच को लेकर कमेटी तो बनी हो लेकिन मार्च में शिकायत और मई में कहा जा रहा है कि जांच चल रही है और जांच कब तक चलेगी कोई समय-सीमा नहीं, जांच को लेकर कोई भी संकेतजनक हम जरूरी नहीं समझते हम आपको जानकारी देने बाध्य नहीं हैं और जांच दल में कौन-कौन हैं वे एक-दूसरे से परिचित नहीं हैं और न ही एक-दूसरे के मोबाईल नम्बर की उन्हें जानकारी है आखिर क्या छुपाना चाहता है जांच दल।*





जिले के लिये गणवेश घोटाला नया नहीं है कुछ वर्ष पूर्व गणवेश को लेकर एनआरएलएम एवं अधिकारीगण चर्चा में रहे हैं जब तात्कालीन विधायक ने इस मामले को लेकर न केवल प्रमुखता से विरोध किया था बल्कि लोगों भी खुलेआम मण्डला स्थित एक भवन से समूह के लोगों को बनी बनाई गणवेश ले जाते भी देखा था जिसकी तुरंत ही शिकायत भी हुई थी और कार्यवाही के नाम पर भवन को सील भी किया गया था लेकिन जांच क्या हुई, क्या परिणाम रहा, किसकी गलती थी, किसने नियम तोड़ा इस तरह की कोई भी बात सार्वजनिक नहीं हो सकी। अब पुनः 14 मार्च 2024 को घटिया निर्माण एवं गणवेश सप्लाई की शिकायत की गई है शिकायत में आरोप है कि जो गणवेश सप्लाई की जा रही है उसका बाजार मूल्य 100 रूपये है जबकि समूहों को 200 रूपय से अधिक में उसे दिया जा रहा है इस मामले में विभागीय अधिकारियों की मिलीभगत भी होने के आरोप लगाये जा रहे हैं यह शिकायत मध्यप्रदेश आदिवासी विकास परिषद द्वारा की गई है जिसकी जांच के लिये प्रशासन द्वारा एक कमेटी का गठन किया गया है प्रशासन द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार जांच दल के लोगों से जब इस बावद बात की गई तो जो जबाव मिला वह आश्चर्यजनक रहा। सरकारी अधिकारी एवं कर्मचारी प्रशासनिक कार्यो को लेकर यदि मीडिया को इसी तरह के जबाव देते रहेंगे तो समझा जा सकता है कि प्रजातंत्र को हम कितनी गंभीरता से ले रहे हैं और मीडिया को जो प्रजातंत्र का एक मुख्य स्तम्भ माना जाता रहा है उसका हम कितना सम्मान कर रहे हैं।



### मैं क्या जबाव दूं मेरी मर्जी

गणवेश वितरण एवं निर्माण को लेकर जब जांच दल के अधिकारियों से बात की गई तो उनके द्वारा कोई भी संतोषजनक उत्तर नहीं दिया गया पहले तो जांच जारी है कहकर टालने का प्रयास किया गया प्रारंभ में जब जांच दल के अधिकारी एपीसी श्री गौतम से उनके मोबाईल नम्बर 8878833440 से सम्पर्क किया गया तो उन्होंने कहा कि अभी जांच प्रगति में है इससे संबंधित कोई जानकारी नहीं दे सकते उनसे पूछा गया कि प्रथम दृष्टया क्या लगता है कि आरोप सही है अथवा नहीं तो उन्होने जांच दल के वरिष्ठ अधिकारी से बात करने की बात कही। हमारे द्वारा जब वरिष्ठ अधिकारी का नम्बर मांगा गया तो उन्होंने जानकारी नहीं होने की बात कही यह हमें आश्चर्यजनक लगा कि आज के समय में जांच दल में 03 लोग हों और उन्हें एक-दूसरे के मोबाईल नम्बर की जानकारी न हो। हमने फिर सवाल पूछा कि आपने लोगों ने कितनी बार एक-दूसरे के साथ इस जांच को लेकर प्रवास किया है तो उत्तेजना में आये श्री गौतम ने कहा कि हम बाध्य नहीं हैं कि आपको इस संबंध में कोई जानकारी दें इतना कहकर उन्होंने फोन काट दिया।

इसके बाद हमने वरिष्ठ अधिकारी एसीओ का नम्बर किसी तरह लिया और उनके मोबाईल नम्बर 9354734110 पर उन्हे कॉल किया तो उन्होंने कहा कि जांच जारी है और उसकी प्रगति के बारे में हम कोई भी जानकारी नहीं दे सकते उनसे यह पूछा गया कि जांच कितने दिनों से प्रारंभ है और कब तक पूर्ण होने की संभावना दिखती है तो जबाव मिला कि जांच पिछले 20 दिनों से प्रारंभ है और कब पूरी होगी कहा नहीं जा सकता उनका उत्तर था कि यह शिकायत पूरे जिले की है और पूरे जिले में कितने विकासखण्ड है सभी में जाकर जांच करनी होगी गणवेश को जांच के लिये लैबोटरी भेजना होगा लैबोटरी से कब जांच रिपोर्ट आयेगी इन सभी रिपोर्टों के आधार पर हम निष्कर्ष पर पहुंचेंगे और जांच रिपोर्ट बनायेंगे यह कब तक हो पायेगा कह नहीं सकते और हमें रिपोर्ट अपने अधिकारी को देना है आपको नहीं लिहाजा हम आपसे कुछ भी न तो शेयर कर सकते हैं और न ही जानकारी दे सकते हैं। जांच किसकी हो रही है कब तक होगी और रिपोर्ट कब देनी हैं यह हमारा विषय है इससे आपको क्या।

### लगभग 50 दिनों पूर्व हुई शिकायत

प्रदेश सरकार द्वारा स्व सहायता समूह को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने गणवेश निर्माण की योजना बनाई गई जिससे समूह को काम मिलता और आर्थिक प्रगति होती लेकिन अधिकारियों की मिलीभगत से समूहों को बनी बनाई गणवेश दी गई और समूह के अध्यक्ष सचिव से चैक लिये गये तथा व्यापारियों को फायदा पहुंचाया गया। इस वर्ष फिर इस अनियमितता की शिकायत हुये लगभग 50 दिन से ज्यादा हो चुके अभी तक जांच को लेकर कोई भी तथ्य सार्वजनिक नहीं हो सके हैं और जिस तरह का व्यवहार जांचकर्ताओं का है वह कल्पना से परे है ऐसे में क्या सच सामने आयेगा इस पर एक बड़ा प्रश्नचिन्ह है।

### पूर्णतः झूठी है शिकायत

गणवेश वितरण को लेकर जो शिकायत की गई उस पर जब आजीविका मिशन के डीपीएम से उनका पक्ष जाना गया तो उन्होंने इस शिकायत को पूर्ण रूप से झूठी बताया कहा गया कि किसी भी तरह के नियमों की अनदेखी नहीं की गई वेण्डर एवं समूह को लेकर जो बातें कही जा रही हैं वह सभी निराधार हैं हमने प्रदेश सरकार के निर्देशों एवं उच्च अधिकारियों के आदेश का पूर्ण रूप से पालन करते हुये पारदर्शिता पूर्वक यूनिफार्म बच्चों तक पहुंचाई है अब रही जांच की बात तो उस पर हम क्या टिप्पणी दे सकते हैं चूंकि जांच तो हमारे विरूद्ध ही हो रही है इस पर तो जांचकर्ता ही बतायेंगे।

## मोहगांव में प्रस्तावित आईटीआई निर्माण की बाधा दूर कराने युवाओं ने खोला मोर्चा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/मोहगांव

विकासखण्ड मोहगांव मुख्यालय में प्रस्तावित आईटीआई के लिए जगह होने पर भी भवन कही और बनाने के विरोध में युवाओं ने मोर्चा खोल दिया है। युवाओं का कहना है कि मुख्यालय में खाली जगह को छोड़कर किसी और ग्राम पंचायत में क्यों भवन बनाया जा रहा है इस बात को लेकर ग्राम पंचायत मोहगांव में गहमा गहमी का माहौल दिनभर बना रहा।

जानकारी अनुसार तहसील प्रशासन ने मोहगांव में आईटीआई निर्माण के लिए भूमि चिह्नित न कर ग्राम पंचायत खाल्हे गिठोरी में कर दी है, जबकि मुख्यालय मोहगांव में आईटीआई निर्माण को स्वीकृति मिली थी। जैसे ही ये खबर युवाओं को लगी युवाओं ने ग्राम सरपंच और जिला पंचायत सदस्य को लेकर तहसील पहुंचे, जहां नायब तहसीलदार मोहगांव से मिलकर अपनी बात रखी। उन्होंने कहां कि ग्राम पंचायत मोहगांव में पर्याप्त जमीन खाली पड़ी है तो राजस्व विभाग ने ग्राम पंचायत खाल्हे गिठोरी में भूमि चिह्नित कर निर्माण की सहमति क्यों प्रदान की है।

नायब तहसीलदार को जिला कलेक्टर के नाम आवेदन देते हुए कहा कि ग्राम पंचायत मोहगांव के मुख्यालय में स्वीकृत आईटीआई भवन के लिए पटवारी आरआई एवं नायब तहसीलदार द्वारा स्वतः ही भू आवंटन कर दिया गया है। बिना मुख्यालय के सरपंच को बताएं प्रशिक्षण संस्थान के लिए आवंटित भूमि को बदलकर ग्राम पंचायत मोहगांव माल में खसरा 286 रकवा 10.00 हेक्टेयर में स्वीकृत किया जाए। यदि आवंटित भूमि में आईटीआई भवन नहीं बनता है तो उग्र आंदोलन की चेतावनी दी गई है।

## 50 नग बकरी-बकरों की चोरी

**मण्डला।** जिले में चोरों का आतंक थमता नहीं नजर आ रहा है शहरी क्षेत्र हो या ग्रामीण क्षेत्र चोरी की घटनायें लगातार हो रही है विगत दिनों मण्डला शहर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में इस तरह की घटनाओं की जानकारी मिलती रही है विगत 22 तारीख को देवरीदादर स्थित कृषि फार्म में चोरों ने बारदात की कृषि फार्म के मालिक एडव्होकेट सी.बी. पटेल द्वारा बताया गया कि उनके देवरीदादर स्थित कृषि फार्म में चोरों ने पिछला दरवाजा तोड़कर वहां पल रहीं 50 नग से ज्यादा बकरियों की चोरी कर ली जिसकी शिकायत पुलिस में दर्ज कराई गई है लेकिन शिकायत पर क्या कार्यवाही की गई इसकी कोई जानकारी नहीं है। शिकायत जितने नुकसानों को लेकर की गई थी उसे भी कम दर्शाया गया।

## आईटीआई में प्रवेश की अंतिम तिथि 20 मई

**मण्डला।** शासकीय आईटीआई मंडला में संचालित एनसीव्हीटी, एससीव्हीटी के पाठ्यक्रमों में प्रवेश के इच्छुक अभ्यर्थी ऑनलाईन के माध्यम से विभाग के पोर्टल (ूण्केकण्उचण्हवअण्पद) पर प्रवेश रजिस्ट्रेशन 2024 पर जाकर 1 मई से 20 मई 2024 तक रजिस्ट्रेशन कर सकेंगे। प्रवेश से संबंधित समस्त जानकारी पोर्टल पर उपलब्ध है। अधिक जानकारी के लिए आवेदक विभाग के उपरोक्त पोर्टल पर अथवा कार्यालयीन कार्य दिवस में शासकीय आई0टी0आई0 मंडला में स्थापित हेल्पडेस्क से स्वयं उपस्थित होकर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

## जाति प्रमाण पत्र, आधार पंजीयन तथा निर्माण कार्यों पर फोकस करें - डॉ. सिडाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

समय-सीमा एवं विभागीय समन्वय समिति की बैठक में कलेक्टर डॉ. सलोनी सिडाना ने निर्देशित किया कि विभिन्न योजनाओं के तहत पूर्व से स्वीकृत निर्माण कार्यों में गति लाते हुए उन्हें जल्द पूरा कराएं। संबंधित विभाग भी कार्यों की मॉनिटरिंग करें तथा कार्यों को समय सीमा में पूर्ण कराने के लिए निर्माण एजेंसी को आवश्यक सहयोग प्रदान करें। इसी प्रकार जनमन सहित अन्य योजनाओं के तहत स्वीकृत आवास के कार्यों को भी बारिश के पूर्व पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। जिला योजना भवन में संपन्न हुई इस बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्रेयांश कूमट, सहायक कलेक्टर आकिप खान सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

कलेक्टर ने निर्देशित किया कि आवास योजनाओं के कार्यों के लिए जनपद स्तर पर समीक्षा करते हुए कार्यों को पूर्ण कराने के लिए हितग्राहीवार योजना तैयार करें। तकनीकि अमला क्षेत्रों का लगातार भ्रमण करते हुए हितग्राहियों को समुचित मार्गदर्शन तथा सहयोग प्रदान करें। उन्होंने निर्देशित किया कि पेयजल संबंधी समस्याओं का सर्वोच्च प्राथमिकता से निराकरण करें। जाति प्रमाण पत्र, आधार पंजीयन तथा निर्माण कार्यों पर फोकस करें। विभागीय जांच के लंबित प्रकरणों का जल्द निराकरण करें। बैठक में कलेक्टर आयुष्मान पंजीयन, जाति प्रमाण पत्र तथा छात्रवृत्ति आदि के संबंध में भी आवश्यक निर्देश दिए।

बैठक में कलेक्टर डॉ. सिडाना ने निर्देशित किया कि सभी अधिकारी टीएल प्रकरणों की गंभीरता को समझते हुए निर्धारित समयावधि में तथ्यात्मक जवाब दर्ज करें। प्रकरणों के निराकरण के साथ-साथ उसकी ऑनलाईन एंट्री करना भी आवश्यक है। कलेक्टर ने टीएल प्रकरणों की विभागवार समीक्षा करते हुए सभी प्रकरणों का समय सीमा में सकारात्मक रूप से निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

### भ्रमण कर योजनाओं में गति लाएं

बैठक में कलेक्टर ने निर्देशित किया कि सभी विभागों के जिला तथा जनपद स्तर के अधिकारी क्षेत्र का भ्रमण करते हुए योजनाओं में प्रगति लाएं। भ्रमण के दौरान विभागीय कार्यों के साथ-साथ स्वास्थ्य केन्द्रों तथा निर्माण कार्यों की भी मॉनिटरिंग करते हुए अपना प्रतिवेदन प्रस्तुत करें।

## रास, काम को बढ़ाने की नहीं काम पर विजय प्राप्त करने की कथा है-पं. संतोष शास्त्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



देवगांव में श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। सोमवार को कथा के छठवें दिन की कथा में पं. संतोष शास्त्री पदमी वाले ने बताया कि रास तो जीव का शिव के मिलन की कथा है। यह काम को बढ़ाने की नहीं काम पर विजय प्राप्त करने की कथा है। रास लीला में जीव का शंका करना या काम को देखना ही पाप है। गोपी गीत पर बोलते हुए व्यास ने कहा जब तब जीव में अभिमान आता है भगवान उनसे दूर हो जाते हैं लेकिन जब कोई भगवान को न पाकर विरह में होता है तो श्रीकृष्ण उ स पर अनुग्रह करते हैं उसे दर्शन देते हैं। शास्त्री जी ने भगवान श्रीकृष्ण के विवाह प्रसंग को सुनाते हुए बताया कि भगवान श्रीकृष्ण का प्रथम विवाह विदर्भ देश के राजा की पुत्री रुक्मणि के साथ हुआ लेकिन रुक्मणि को श्रीकृष्ण द्वारा हरण कर विवाह किया गया। इस कथा में समझाया गया कि रुक्मणि स्वयं साक्षात लक्ष्मी है और वह नारायण से दूर रह ही नहीं सकती।

**मौसम** | **अधिकतम तापमान 42.2 डिग्री, न्यूनतम तापमान पहुंचा 27 डिग्री।**

# उमस और तेज तपन से सब हलाकान

*** पश्चिमी विक्षोभ के सक्रीय होने की भी संभावना।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



इस साल गर्मी अपना उग्र रूप दिखाने पर अमादा हो गई है। इस वर्ष गर्मी सारे रिकार्ड तोड़ते दिख रही है। इस वर्ष अप्रैल के शुरूआत माह में ही लोग सुबह 11 बजे के बाद घरों से बाहर निकलने के लिए हिचकिचा रहे है। तेज धूप और तपन के आगे लोग नस्मष्तक हो रहे है। मार्च माह से ही तापमान में उछाल आ गया है। विगत वर्ष 2023 की अपेक्षा इस वर्ष अधिकतम तापमान में 5 से 10 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 2 से 3 डिग्री अधिक दर्ज किया गया। इस वर्ष विगत एक माह से अधिकतम तापमान 40 डिग्री के आसपास ही दर्ज किया जा रहा है।

मई की शुरूआत होते ही इस चिलचिलाती धूप और गर्मी ने लोगों को घर में कैद रहने के लिए मजबूर कर दिया। सोमवार सुबह सात बजे से ही गर्मी का सितम शुरू हो गया। दोपहर होते-होते लोग गर्मी और उमस से बेहाल हो गए। तापमान 42 डिग्री पार जबकि न्यूनतम तापमान 27 डिग्री सेल्सियस पार हो गया। वहीं आर्द्रता सुबह के समय 46 फीसदी व हवाओं की रफ्तार 14 से 16 किमी प्रति घंटा रही।

मौसम वैज्ञानिक सुमित परौहा ने बताया कि आगामी दो तीन दिन मौसम में एक बार फिर बदलाव नजर आएगा। वर्तमान में पश्चिमी विक्षोभ ट्रफ के रूप निम्न और मध्य क्षोभ मंडल की पहुआ हवाओं के बीच समुद्र तल से 3.1 किमी की ऊंचाई पर 72 डिग्री पूर्व देशांतर के सहारे 32 डिग्री उत्तर अक्षांश के उत्तर में अवस्थित है। वहीं ट्रफ लाईन झारखंड के ऊपर सक्रिय चक्रवातीय परिसंचरण से लेकर पश्चिमी मध्यप्रदेश तक है। पूर्वी विदर्भ से लेकर तेलंगना, रयाससीमा और दक्षिणी कर्नाटक होते हुए दक्षिणी तमिलनाडू तक हवाओं में असत्तता बनी हुई है। वहीं 09 मई से एक नए पश्चिमी विक्षोभ के सक्रीय होने की भी संभावना बनी है। जिसके कारण गरज, चमक के साथ हल्की बारिश के साथ बौछार भी हो सकती है।

बताया गया कि इस वर्ष अधिकतम और न्यूनतम तापमान पिछले सारे रिकार्ड तोडऩे पर अमादा है। वहीं पिछले वर्ष की तुलना में तापमान 5 से 10 डिग्री अधिक बना हुआ है। विगत वर्ष विगत वर्ष 01 मई 2023 को अधिकतम तापमान 31.2 और न्यूनतम 18.5 डिग्री सेल्सियस रहा। इस वर्ष 40.8 डिग्री और न्यूनतम 20.6 डिग्री रहा। विगत वर्ष की अपेक्षा इस वर्ष 01 मई को करीब 09 डिग्री अधिकतम तापमान अधिक रहा। इसी प्रकार विगत वर्ष 02 मई को अधिकतम तापमान 29.9 डिग्री और न्यूनतम 16.5 डिग्री रहा। 03 मई को विगत वर्ष अधिकतम 27.0 डिग्री न्यूनतम 19.0 डिग्री रहा। इस वर्ष 02 मई को अधिकतम 39.0 डिग्री न्यूनतम 19.5 डिग्री रहा। 03 मई को अधिकतम तापमान 39.6 और न्यूनतम तापमान 16.6 डिग्री सेल्सियस रहा। इस वर्ष 03 मई को अधिकतम तापमान पिछले वर्ष की तुलना में 12.6 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोत्तरी हुई है। वही न्यूनतम तापमान में ढाई डिग्री नीचे उतरा है। विगत वर्ष 04 मई को अधिकतम तापमान 33 डिग्री और न्यूनतम तापमान 18.6, इस वर्ष अधिकतम तापमान 41.2 और न्यूनतम तापमान 17.4 रहा। 05 मई 2023 को अधिकतम तापमान 35 डिग्री और न्यूनतम तापमान 20.6 डिग्री रहा।

## पेयजल की उपलब्धता पीएचई तथा संबंधित निकाय की जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



पेयजल की उपलब्धता के संबंध में आयोजित बैठक में कलेक्टर डॉ. सलोनी सिडाना ने निर्देशित किया कि जिले के प्रत्येक गांव-टोला तक पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित कराना लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग तथा संबंधित निकाय की संयुक्त जिम्मेदारी है। सभी एसडीएम अपने क्षेत्र में पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए लीड रोल अदा करते हुए पीएचई तथा संबंधित निकाय द्वारा किए जा रहे कार्यों की नियमित समीक्षा करें।

कलेक्टर ने कहा कि जिला तथा जनपद स्तर पर बनाए गए कंट्रोल रूम को प्रभावी बनाएं तथा उनमें प्राप्त होने वाली समस्याओं का त्वरित निराकरण करें। उन्होंने नवीन नलकूप उत्खनन तथा हेंडपंपों में सुधार की विस्तार से समीक्षा करते हुए कार्यों को क्रॉसचैक कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने निर्देशित किया कि जरूरत के आधार पर ही नवीन नलकूप का खनन करें। खनन के लिए स्थल चयन में सावधानी बरतें। असफल हेंडपंप को सुरक्षित रूप से बंद करें, बोरवेल को खुला न छोड़ें। हेंडपंपों में आवश्यकतानुसार सुधार कराएं। जहां पर हेंडपंपों में सुधार नहीं हो पा रहा है वहां पर वैकल्पिक व्यवस्था बनाएं। नलजल योजनाओं की मॉनिटरिंग करें उनमें आवश्यकतानुसार सुधार कराएं। सुनिश्चित करें बिजली के कारण कोई भी योजना बंद न हो। कलेक्टर ने जल परिवहन के संबंध में भी आवश्यक निर्देश दिए। जिला योजना भवन में संपन्न हुई।



## खबर संक्षेप

### अलग अलग जगहों से जप्त की अवैध शराब

गाडरवारा। पुलिस द्वारा शराब के अवैध कारोबार पर अंकुश लगाने के लिये लगतार की जा रही कार्यवाही के चलते बीते हुये दिवस समीपस्थ सालीचौका के कसेला नाला के पास एक व्यक्ति को शराब रखे हुये पकड़कर जब उससे पूछताछ की गई तो आरोपी द्वारा अपना नाम संदीप पिता सुखराम धानक उम्र 19 वर्ष निवासी ग्राम खिरिया बताया गया। वही पुलिस द्वारा आरोपी के पास से एक प्लास्टिक की कुप्पी में 15 लीटर शराब जप्त की गई। इसी प्रकार से सालीचौका रेलवे फाटक के पास ग्राम सहावन निवासी अरूण पिता भगवत प्रसाद वर्मा के पास से 5 लीटर कच्ची महुआ की शराब जप्त की गई। इसी प्रकार से गाडरवारा गांधी वार्ड माता मुहल्ला में वही के निवासी संतोष पिता शंकर लाल जाटव के पास से 19 पाव शराब जप्त करते हुये आरोपियों के खिलाफ धारा 34 आवकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### बस की टक्कर से मासूम घायल

गाडरवारा। स्थानीय पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस ग्राम दहलवाडा निवासी एक व्यक्ति द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि वह अपने सात वार्षिय नातिन रिया अहिरवार के साथ कही जाने के लिये नांदनेर बस स्टेन्ड गये हुये उसी दौरान बस क्रमांक एम पी 15 ए 1152 के चालक द्वा तेज गति व लापरवाही पूर्वक बस चलाते हुये रिया को टक्कर मारे जाने के कारण वह गंभीर रूप से घायल होने के चलते पुलिस ने आरोपी बस चालक के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

### एक राय होकर की मारपीट

गाडरवारा। समीपस्थ सालीचौका पुलिस चौकी से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस सालीचौका के रेता मुहल्ला निवासी पवन पिता भोला यादव उम्र 23 वर्ष द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बतायौ कि जब वह अपने किसी काम से ग्राम दैनाकछार गया हुआ था उसी दौरान वही के निवासी बडडू कौरव, भूरा कौरव तथा अमन कौरव द्वारा किसी बात को लेकर एक राय होकर गंदी गंदी गालिया देते हुये मारपीट कर चोटे पहुंचाई एवं जान से मारने की धमकी दी गई। पुलिस ने प्रार्थी की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

### मजदूर युवक के साथ की मारपीट

गाडरवारा। नगर के पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस समीपसि रायसेन जिला के ग्राम चौरास निवासी एक युवक द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि वह गाडरवारा के नंदी मुहल्ला में रहकर मजदूरी का काम करता है। बीते हुये दिवस वही के निवासी बसंत व संतोष प्रजापति द्वारा मोबाईल फोन चोरी किये जाने की शंका को लेकर युवक के साथ एक राय होकर गंदी गंदी गालिया देते हुये मारपीट कर चोटे पहुंचाई व जान से मारने की धमकी दी गई। पुलिस द्वारा प्रार्थी की शिकायत पर आरोपी बसंत व संतोष प्रजापति के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

### युवक की मौत पर ट्रेक्टर चालक पर हुआ मामला दर्ज

गाडरवारा। स्थानीय पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम डोलनी जिला होशंगाबाद निवासी एक महिला द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि जब वह 25 अप्रैल को उसके पति मझले ठाकुर पिता सुक्का ठाकुर उम्र 35 साल निवासी डोलनी थाना बनखेड़ी जिला होशंबाद किसी काम से बसुरिया बारहाबड़ा मार्ग से जा रहे थें उसी दौरान सालीचौका तरफ से आ रहे ट्रेक्ट्रर क्र MP49 ZC 6844 के चालक द्वारा तेजगति एँव लापरवाही पूर्वक ट्रेक्ट्रर चलाते हुये टक्कर मारे जाने के कारण प्राथिंया के पति की मौत होने के चलते पुलिस ने आरोपी ट्रेक्टर चालक के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

जिला स्तर से लेकर तहसील सहित नगर पालिका अधिकारी को अवगत कराये जाने के बाद भी सफाई विभाग की मनमानी पर नही लग रहा अंकुश..,

# जिम्मेदार अधिकारियों की उदासीनता पूर्ण कार्य प्रणाली के चलते नगर की शुद्व हवा में फैल रहा है जहर

### सुबह के समय सफाई कर्मचारियों द्वारा कचरा जलाये जाने के चलते आमजन का सड़को पर घूमना हो रहा मुश्किल..


epaper.haribhoomi.com
Jabalpur Narmada Bhoomi - 14 Apr 2024 - Page 2
गाडरवारा हरिभूमि
नगर पालिका सफाई विभाग कर्मचारियों द्वारा झाडू लगाने के बाद एकत्र कचरे को फेकने की जगह लगा दी जाती है आग..
सुबह के समय शहरवासियों को करना पड़ रहा
जहरीले धुआं का सामन




हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा। अक्सर देखा जाता है कि जब कोई व्यक्ति किसी बात को लेकर परेशान होता है तो वह क्षेत्र से लेकर जिला स्तर पर बैठे हुये अधिकारियों से क्षेत्र की समस्या या फिर परेशानी से अवगत कराते हुये उससे निजात पाने की उम्मीद रखता है। मगर यहां पर तो लगभग संपूर्ण नगर के लोग जिस तरह परेशान होते हुये देखे जा रहे है और इस परेशानी से जिला कलेक्टर से लेकर स्थानीय अनुविभागीय अधिकरी सहित नगर पालिका के जिम्मेदार अधिकारियों को अवगत कराये जाने के बाद भी समस्याओं का निदान होते हुये दिखाई नही देने से यह अनुमान लगने से नही चूक पा रहा है कि शायद प्रशासन तंत्र में बैठे हुये अधिकारियों को आमजन की समस्याओं से कोई लेना देना नही रहे गया है..? अब सबाल यह पैदा हो रहा है कि जब प्रमुख अधिकारियों का रवैया इस प्रकार का बना हुआ है तो फिर आमजन अपनी परेशानियों को लेकर जायेगा तो जायेगा किसके पास ...? क्योंकि नगर में जिस तरह नगर पालिका सफाई विभाग की मनमानी चलते हुये देखी जा रही है उसके चलते संपूर्ण नगर में जहर खुलते हुये दिखाई देने से नही चूक रहा है। क्योंकि हर व्यक्ति की सोच रहते है कि वह सुबह के वक्त जल्दी जागकर घूमने जाये और शुद्व हवा के चलते अपने स्वास्थ्य को सुरक्षित रख सके। मगर नगर के हालत इस तरह देखने मिल रहे है कि सुबह ब्रम्ह मुहुर्त के बीच शुद्व हवा की खोजन में निकलने वाले शहरवासियों को जहरीले धुंआ का सामना करने के लिये मजबूर होना पड़ रहा है। इस बात की सच्चाई प्रतिदिन सुबह के वक्त नगर में जहां तहां नगर पालिका सफाई कर्मचारियों द्वारा शहर की सड़को पर झाडू लगाते हुये एकत्र होने वाले कचरे को फेकने की जगह जिस तरह उसमें आग लगा दी जाती है उसके चलते इस कचरे में शामिल रहने वाली अनेक प्रकार की पन्नी जलकर धुंआ छोड़ती है तो नगर का संपूर्ण वातावरण प्रदूषित होने से नही चूकता है और हालत यह बन जाते है कि सुबह के वक्त सड़को पर घूमने के लिये निकलने वाले ही नही बल्कि अपने घरों में सोने वाले लोगों को भी इस धुंआ का शिकार होने से नही बच पा रहे है। जबकि नियम के अनुसार तो यह होना चाहिये कि सफाई विभाग के कर्मचारियों द्वारा जिस तरह झाडू लगाकर जिस कचरे को एकत्र किया जाता है उसके बाद ट्रेक्टर ट्राली के माध्यम से शहर के बाहर करना चाहिये। जबकि गौर किया जावे तो नगर में इस तरह नगर पालिका के ट्रेक्टर ट्राली कचरा एकत्र करते हुये देखे भी जाते है, जिसके चलते नगर पालिका प्रशासन का हर माह सफाई विभाग के माध्यम से हजारों द्वारा का डीजल खर्च भी हो रहा है। मगर इसके बाद भी सफाई कर्मचारियों द्वारा इस तरह एकत्र होने वाले कचरे में आग लगाना जहां समझ से परे होते हुये जान पड़ रहा है? जबकि गौर किया जावे तो नगर के अलग अलग वार्डो में सुबह के समय सफाई करने के लिये निकलने वाली टीम के साथ एक प्रमुख लीडर होता है और उसके ऊपर सफाई के लिये प्रमुख सफाई दरोगा द्वारा देख रेख की जाती है। मगर इसके बाद भी नगर में प्रतिदिन इस तरह कचरे में आग लगना जहां नगरवासियों की समझ से परे होता चला जा रहा है तो दूसरी ओर सुबह के वक्त घूमने के लिये निकलने वालों का शुद्व हवा में सांस लेना दूभर होने से नही चूक रहा है? इस तरह नगर पालिका सफाई विभाग की मनमानी के चलते जहां आमजन को परेशान होते हुये देखा जा रहा है तो दूसरी ओर सफाई विभाग के जिम्मेदारों द्वारा इस तरह आमजन को जिस तरह जहरीले धुंआ का सामना करने के लिये लगातार प्रदूषित हो रहे पर्यावरण को लेकर ऐसा प्रतीत होने से नही चूक रहा है कि शायद उन्हें इससे कुछ लेना देना नही है? इस तरह नगर की हवा में सुबह के वक्त घोले जा रहे जहर की सच्चाई को हरिभूमि द्वारा अपने 14 अप्रेल 2024 के अंक में प्रमुखता के साथ उजागर करते हुये इस सच्चाई से जिला कलेक्टर से लेकर स्थानीय अनुविभागीय अधिकारी को अवगत कराते हुये नगर में फैलाये जा रहे इस जहर रूपी धुंआ पर अंकुश लगाने की मांग उठाई गई थी। मगर हैरत की बात है कि प्रमुख माने जाने वाले अधिकारियों द्वारा इस सच्चाई को जिस तरह नजर अंदाज किये जाने का परिणाम है कि सफाई विभाग की मनमानी पहले की तरह आज भी जारी होने के चलते सुबह के वक्त शहर की हर प्रमुख सड़क पर कचरे में लगाई जाने वाली आग के कारण जहरीला धुंआ उड़ते हुये देखा जाता है। वही दूसरी ओर इस संबंध में बीते हुये 2 मई को मुख्य नगर पालिका अधिकारी देशमुख से चर्चा की गई तो उनके द्वारा इस तरह एकत्र होने वाले कचरा व पन्नी को जलाना गलत बताया गया था और यह बात कही गई थी कि आज के बाद इस तरह आपको शहर में कही भी कचरा जलते हुये नजर नही आवेगा। इसी प्रकार से नगर पालिका के सफाई दरोजा संजय श्रीवास से चर्चा की गई तो उनके द्वारा भी कहा गया था कि इस तरह कचना जलाना गलत है इस पर आज से ही रोक लग जावेगी। मगर हैरत की बात है कि इस तरह नगर की हवा में सुबह के वक्त फैल रहे जहरीली धुंआ की सच्चाई से जिला स्तर के प्रमुख अधिकारियों से लेकर तहसील व नगर पालिका के अधिकारियों को अवगत कराते हुये बंद कराये जाने की गुहार लगाये जाने के बाद भी आज तक किसी तरह की कोई कार्यवाही न होने चलते सुबह के वक्त पूर्व की भांति आज भी खुलेआम सफाई विभाग के लोगों द्वारा कचरा व पन्नी को जलाते हुये देखा जाना इस बात की ओर संकेत देने से नही चूक रहा है कि शायद जिम्मेदार अधिकारियों को आम लोगों की परेशानी से कोई लेना देना नही रह गया है..?

## व्यक्ति द्वारा बोले जाने वाली वाणी जोड़ने व तोड़ने का कार्य करती है इसलिये सदा ही मधुर वाणी बोलना चाहिये : स्वामी इंद्रदेव सरस्वती महाराज



हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा। नगर में शनि मंदिर के पास एनटीपीसी आडिटोरियम के सामने चल रहे सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद भागवत कथा का आज विशाल भंडारे के साथ समापन होगा। वही देखा जा रहा है कि इस भव्य आयोजन के चलते जहां नगर का संपूर्ण महौल धर्ममय बना हुआ है तो हजारों की संख्या में लोग पहुंचकर महामंडलेश्वर स्वामी इंद्रदेव सरस्वती महाराज की अमृतमय वाणी से भगवान की कथा सुनकर भाव विभोर होते हुये देखे जा रहे है। इस तरह बीते हुये सोमवार को कथा के छटवे दिवस कथावाचक महामंडलेश्वर स्वामी इंद्रदेव महाराज ने भगवान कृष्ण द्वारा की गई बाल लीलाओं का मार्मिक वर्णन सुनाते हुये बताया कि भगवान कृष्ण बचपन मे माखन चोरी कर साथियों संग माखन खाते थें जिसके चलते जब उनके घर शिकायत पहुंचते थी तो माता परेशान हो जाती थी। एक दिन जब गुस्सा में आकर माता ने उन्हें बांध दिया और जब उनका मुख्य देखा तो माता हैरान हो गई। वही भगवान कृष्ण के द्वारा बजाई जाने वाली बाँसुरी से गोपियाँ मंत्रमुग्ध हो जाती थी तो उनकी बाँसुरी की धुन पर गायें भी उनके पास आ जाती थीं। उन्होंने आगे बताया कि जिस प्रकार खरबूजा खरबूजा को देखकर रंग बदलता है ऐसा हम क्यों नही सोचते कि हम किसी अच्छे संत के विचारों को आत्म सात कर अच्छा बनें। हमें किसी को देने के लिए मित्र बनाना चाहिए न कि किसी से कुछ लेने के लिए मित्र बनाना चाहिए। व्यक्ति को सुखी होने के लिए उसे अंदर से भगवान का होना चाहिए, जिस कार्य से परमात्मा को आनंद आये वह कार्य भक्त को करना चाहिए। कथा में उन्होंने कहा कि हमें हमेशा मधुर वाणी बोलना चाहिए जो दूसरों को सुनने में अच्छी लगे। क्योंकि हर व्यक्ति द्वारा बोले जाने वाली वाणी ही जोड़ने एवं तोड़ने का कार्य करती है। कथा के दौरान उन्होंने संदेश देते हुए कहा कि मानव शरीर को शराब, तम्बाकू एवं मांस से दूर रहना चाहिए। क्योंकि शरीर की दुर्गति इन्ही दुर्गुणों से होती है। इस दौरान महाराज ने गौ माता का महत्त्व बताते हुए कहा कि गाय में देवता बसते हैं इसीलिए गाय की सदैव पूजा करना चाहिए और दुर्व्यवहार नही करना चाहिए। वही मानव की विशेषता होती है जो जिस तरह की संगत करता है उसमें उसी प्रकार के गुण पैदा होने लगते है जो आदमी भाव से परे है उसे सत्संग से कोई लेना नही है। सत्संग से अच्छे संस्कार सीखने को मिलते हैं। यदि हम अच्छी संगत करेंगे तो अच्छी बातें सीखने को मिलेंगी एवं यदि हम बुरी संगत करेंगे तो हमारे अंदर दुर्गुण आएंगे। क्योंकि गाडरवारा से लेकर जबलपुर क्षेत्र धार्मिक है यदि भागवत कथाओं से क्षेत्र में अच्छे संस्कार आएंगे तो ये क्षेत्र के लिए हितकर होगा। इस दौरान महाराज जी ने श्रद्धालुओं को कथा के महत्व के बारे में बताते हुए कहा कि रुक्मणी विदर्भ देश के राजा भीष्म की पुत्री और साक्षात लक्ष्मी जी का अवतार थी। रुक्मणी ने जब देवर्षि नारद के मुख से श्रीकृष्ण के रूप, सौंदर्य एवं गुणों की प्रशंसा सुनी तो उसने मन ही मन श्रीकृष्ण से विवाह करने का निश्चय कर लिया था। महाराज जी ने बताया कि ग्वाल कृष्ण ने अपने मामा का नहीं बल्कि उसके अहंकार का वध किया। द्वापर युग में जब कंस का अत्याचार बढ़ा तब भगवान विष्णु ने मनुष्य रूप में श्रीकृष्ण का जन्म लेकर बड़े-बड़े राक्षसों का वध करने के बाद अंत में पापी कंस का वध कर लोगों को उसके अत्याचारों से छुटकारा दिलाया। इस दौरान सुदामा चरित्र कथा का वर्णन करते हुए कहा कि, कृष्ण और सुदामा जैसी मित्रता आज कहां है। यही कारण है कि आज भी सच्ची मित्रता के लिए कृष्ण-सुदामा की मित्रता का उदाहरण दिया जाता है। द्वारपाल के मुख से सुदामा सुनते ही द्वारिकाधीश नंगे पांव मित्र की अगवानी करने पहुंच गए। लोग समझ नहीं पाए कि आखिर सुदामा में क्या खासियत है कि, भगवान खुद ही उनके स्वागत में दौड़ पड़े। श्रीकृष्ण ने स्वयं सिंहासन पर बैठाकर सुदामा के पांव पखारे। कृष्ण-सुदामा चरित्र प्रसंग पर श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे।

## ब्लाक शिक्षा अधिकारी के आवेदन पर फर्जी जाति प्रमाण पत्र को लेकर दर्ज हुआ सेवा निवृत प्राचार्य के खिलाफ मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा। भले ही लोग कितनी भी चालकी के साथ फर्जीवाडा करने में सफल हो जावे मगर एक न एक दिन उनकी सच्चाई सामने आने से नही चूकती है और उसका परिणाम भोगने के लिये मजबूर होना पड़ता है। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई नगर में देखने मिली है जां पर ब्लाक शिक्षा अधिकारी की शिकायत पर एक फर्जी जाति प्रमाण पत्र के आधार पर नौकरी पाने वाली व्यक्ति के खिलाफ पुलिस थाने में मामला दर्ज करते हुये जांच में लिया गया है। इस संबंध में पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस प्रार्थी के रूप में विकास खंड शिक्षा अधिकारी सांईखेड़ा प्रताप नारायण पिता श्रीराम प्रसाद उम्र 62 वर्ष निवासी आई टी आई कालोनी द्वारा पुलिस थाने में आरोपी घनश्याम दास पिता स्व फूलचंद गढवाल के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के लिये आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है था । जिसको लेकर पुलिस ने आरोपी सेवा निवृत प्राचार्य घनश्याम दास गढ़वाल के खिलाफ पुलिस द्वारा 420, 468, 467, 471 का मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है। ब्लाक शिक्षा अधिकारी द्वारा दिये गये पत्र में उल्लेखित किया गया है कि कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी पत्र क्रमांक 2524/विधि/शिकायत/2024 दिनांक 3 मई 2024 उपरोक्त विषयाकिंत सन्दर्भित पत्र के माध्यम से सेवानिवृत्त प्राचार्य घन श्याम दास गढेवाल पिता स्व. फूलचंद गढेवाल के विरूद्ध **W.P**. 6000/2015 में माननीय उच्च न्यायालय जबलपुर द्वारा पारित निर्णय 22 अप्रैल 2024 के पालन में **FIR** दर्ज कराने नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है । प्रकरण के संबंध में लेख है कि घनश्याम गढेवाल के फर्जी जाति प्रमाण पत्र के संबंध में मनमोहन शुक्ला रानी लक्ष्मीबाई वार्ड गाडरवारा द्वारा प्रस्तुत शिकायत शासन स्तर पर कर अवगत कराया कि घनश्याम गढेवाल जो कि कोष्टि जाति के है परन्तु हलवा जाति का फायदा ले रहे है जोकि अनुसूचित जनजाति के अन्तर्गत आती है । जिसकी जांच हेतु मध्य प्रदेश शासन आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति कल्याण विभाग द्वारा समिति का गठन किया था। वही गठित समिति द्वारा विस्तृत जांच प्रतिवेदन तैयार कर दिनांक 16 फरवरी 2015 को विस्तृत निर्णय पारित किया गया, निर्णय में निष्कर्ष निम्नुसार पारित किया गया कि भारत सरकार गृह मंत्रालय के जाति प्रमाण पत्र जारी करने संबंधी परिपत्र क्रमांक 35/1/72- आर.यू.(एस.सी.टी. व्ही) अप्रैल 1975 की कण्डिका 1.1 के अनुसार व्यक्ति के पिता वास्तव में इस समुदाय के होना चाहिये जिसका वह दावा कर रहा हो, किन्तु घनश्याम दास द्वारा अपने पिता के मध्यप्रदेश के लिये अधिसूचित हलवा अनुसूचित जनजाति होने की पुष्टि में कोई अभिप्रमाणित दस्तावेज प्रस्तुत नही किया गया । समिति द्वारा पूर्ण विचार उपरान्त अनावेदक के विरूद्ध दस्तावेजी प्रमाण पाये जाने से घनश्याम गढेवाल को हलवा अनुसूचित जनजाति वर्ग का सदस्य होना नही पाया गया । वही हलवा अनुसूचित जनजाति के विवादित जाति प्रमाण पत्रो की पुष्टि संबंधित कार्यालयों से नही होने से वैधानिक कार्यवाही हेतु निर्णय लिया गया । समिति द्वारा पारित निर्णय के विरूद्ध घनश्याम दास गढेवाल द्वारा माननीय उच्च न्यायालय में रिट याचिका दायर की गई थी, जिसमें मा. न्यायालय द्वारा 22 अप्रेल 2024को निर्णय पारित करते हुए घनश्याम दास गढेवाल के विरूद्ध **FIR** दर्ज कराने निर्देशित किया है । आरोप है कि घनश्याम दास गढेवाल पिता स्व. फूलचंद गढेवाल के द्वारा फर्जी जाति प्रमाण पत्र के आधार पर स्वंय को अनुसूचित जनजाति संवर्ग का होना छल पूर्वक अभिलिखित कर शासकीय शिक्षा विभाग म.प्र. में व्याख्याता पद से भर्ती होकर सेवारत रहते हुए प्राचार्य उ.मा. विद्यालय से सेवा निवृत्त होकर अवैध लाभ प्राप्त कर शासन को आर्थिक क्षति पहुंचाई गई है। इस तरह मा. उच्च. न्यायालय के आदेश पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी के आवेदन पर पुलिस द्वारा सेवा निवृत प्राचार्य घनश्याम दास गढेवाल के खिलाफ पुलिस थाने मे मामला कायम करत हुये जांच में लिया गया है।




## यातायात नियमों की उड़ रहीं धज्जियाँ

हरिभूमि न्यूज/ चीचली। नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में देखा जा रहा है कि यातायात नियमों की खुलेआम धज्जियाँ उड़ाई जा रही हैं, जहाँ भी नजर दौड़ाओ उधर ही यातायात नियम टूटते हुये नजर आ रहे हैं, कभी छोटे-छोटे बच्चे दोपहिया वाहन चलाते नजर आ रहे हैं तो कभी युवा वर्ग भी दो पहिया वाहनों पर तीन से लेकर चार सवारी बैठाकर फर्राटे मारते सामने से निकलते हुये देखे जा सकते हैं, इतना ही नहीं कभी काल पुलिस द्वारा चैकिंग की औपचारिकता निभाई जाती है तो मात्र कागजों की खानापूर्ति कर सौ पचास में समझौता कर वाहनों को छोड़ दिया जाता है, यदि पुलिस अपनी जागरूकता दिखावे तो लगातार हो रही दुर्घटनाओं को रोका जा सकता है मगर जहाँ तहाँ नाबालिगों द्वारा दौड़ाये जा रहे वाहनों को देखकर तो यही अनुमान लगाया जा सकता है कि पुलिस को नगर की यातायात व्यवस्था से कुछ लेना देना नहीं है। वहीं दूसरी ओर नगर में जीपों व मैजिक गाडियों को ट्रैक्टर ट्रालियों में किस तरह सामान लाद कर व सवारी भरे दौड़ाये जा रहे है यह क्षेत्र की सड़कों पर आसानी से देखा जा सकता है जिसका जीता जागता उदाहरण क्षेत्रों के मार्ग पर देखने को मिलता है, जो प्रतिदिन पुलिस की ड्यूटी व्यवस्था के बाद भी पुलिस के नुमाइंदों के सामने से गुजर रहीं हैं और वे देखते रह जाते हैं,जनापेक्षा है कि शासन प्रशासन इस ओर ध्यान दे।

## ट्रेनो में सीट सुरक्षित करने ट्रेक पार कर यात्री



हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा। शहर के रेलवे स्टेशन पर रेलयात्री सुविधाएँ मॉगने के हकदार है। किन्तु जान जोखिम में डाल उनका ट्रेनो में सफर करने को आतुर रहना उचित नही कहा जा सकता। गौरतलब है कि इन दिनों चुनावी महौल के कारण रेलवे स्टेशन के दोनो प्लेटफार्मो पर रेलयात्री बच्चो, युवाओं, महिलाओं की काफी भीडभाड़ का आलम रहता है, इस दौरान जब भी कोई ट्रेन रूकती है तो उसमें सीट सुरक्षित करने के लिए अधिकतर यात्री अपनी जान की परवाह न कर सीट की जुगाड़ में लग जाते है। हालत यह है कि कभी रूकने के लिए रेंगती ट्रेनो में उनके द्वारा चढ़नें की कोशिश की जाती है। बताया जाता है कि कई रेलयात्री ट्रेनो में सीट सुरक्षित करने के चलते ट्रैक पर खड़े हो जाते है, जब प्लेटफार्म कूद ट्रैक पार करना अपने आम में खतरे से खाली नही रहता, शहरवासियो ने रेल पुलिस से गुहार लगायी है कि स्टेशन पर ट्रेनो के आने के समय वह प्लेटफार्मो पर विशेष चौकासी बरते और रेलो में जगह पाने के लिए ट्रैक का इस्तेमाल करने वाले रेलयात्रियो को ट्रैक से हटा प्लेट फार्मो पर ही बैठकर ट्रेनो में चढ़ने की हिदायत दे।

## ग्रामीण क्षेत्रो में निर्धारित समय पर खोली जाए उचित मूल्य की दुकानें



हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा। शासन द्वारा गरीबों के हितों का ध्यान रखते हुए उन्हें सस्ता राशन उपलब्ध कराया जा रहा है जिससे सार्वजानिक वितरण प्रणाली के तहत संचालित सस्ते राशन की दुकानों से हालॉकि सरकार की मंशानुरूप गेहू, कैरोसिन, चॉवल और शक्कर का वितरण किया जा रहा है। वही सरकार के आदेश अनुसार कुछ महिनों तक पर्ची धारकों के लिये निःशुल्क राशन भी वितरण किया जा रहा है। किन्तु ग्रामीण क्षेत्रों में नीले, पीले कार्डधारियों की शिकायत है कि उचित मूल्य की कई दुकानें ऐसी है जो समय के साथ निश्चत तिथि पर नही खुलने के कारण लोगो का समय व्यर्थ बर्बाद हो रहा है, इस बात की सच्चाई इस समय क्षेत्र के अनेक गांवों में देखने मिल रही है, जहां पर विगत लम्बे समय से लोगों को अनाज नही मिल पाया है? बताया जाता है जिस सहकारी दुकान से चार पांच गांव जुड़े है और विलम्ब से उसके खुलने की स्थिति मे वहॉ उपभोक्ताओं की भीड़ जुट जाती है और महिलाओं को खासकर इन दुकानो से सामान लेने मे परेशान होना पड़ता है? ज्ञातव्य है कि आने वाले और तेज ठंड के मौसम का ध्यान रखते हुए सहकारी दुकानों से गरीबों, अतिगरीबो राशन कार्ड धारियों को खाद्यान्न का वितरण किया जाएगा, लिहाजा जरूरी है कि ग्रामीण क्षेत्रों की सहकारी दुकाने निर्धारित समय पर खुलें ताकि नागरिको को किसी तरह की असुविधा का सामना न करना पड़े।

# आखिरकार नालियां क्यों नहीं हो पा रही अतिक्रमणकारियों से मुक्त....?

हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा। आये दिन देखा जाता है कि प्रशासन द्वारा नगर में अतिक्रमण हटाने की मुहिम तो चलाई जाती है, मगर उस अतिक्रमण की सच्चाई पर गौर किया जावे तो वह मात्र औपचारिता ही साबित होते हुए सिर्फ छोटे मोटे गरीबों के घर तोड़ने तथा टपरे हटाने तक सीमित रह जाती है? क्योंकि जिस प्रकार से प्रभावशाली लोगों द्वारा अपना अतिक्रमण किया गया है वह तोड़ने में शायद प्रशासन द्वारा संकोच बरती जाती रही है जिसकी सच्चाई इस समय नगर में जहां तहां आसानी से देखने मिल सकती है? इस प्रकार से अतिक्रमण हो हटाने के लिए अभियान चलाकर जिन लोगों के एक वर्ष पहले अतिक्रमण हटाये गये थें, वह लोग पुनः उसी जगहो पर कबीज नजर आते हुए दिखाई पड़ रहे है, वही दूसरी ओर गौर किया जावे तो गरीबों के अतिक्रमण हटाने मे बहादुरी दिखाने वाला प्रशासन का अतिक्रमण दस्ता पूंजी पतियों द्वारा किए गए अतिक्रमण हटाने मे बेबस नजर जान पड़ रहा है? क्योंकि यदि नगर के अतिक्रमण की सच्चाई पर गौर किया जावे तो नगर में अनेक जगहों पर जहां लोगों द्वारा नजूल की जमीन एवं मेन रोड के बगल से नाले व नालियों को अतिक्रमणकारियों द्वारा पूर्णरूप से उन्हें ढ़ककर उसके ऊपर कोटा स्टोन एवं मार्बल लगाते हुए अपने कब्जे में कर लिया गया है जिसके चलते जहां स्थिति इस प्रकार से बनी हुई है कि लोगों को आने जाने में भी परेशानियों का सामना करने मजबूर होना पड़ रहा है? इस बात की सच्चाई का प्रमुख नजारा इस समय नगर के प्रमुख बाजार के साथ नगर की गालियों एवं कुछ अन्य स्थानों पर देखने को मिल रहा है, जहां पर कई वर्षो से इन धनवानों ने नजूल की जमीन एवं नाले नालियों को बंद कर अपनी जागीर बना रखा है, नगर के नाले नालियों के पास रहनें वाले लोगों के निस्तार के पानी का मार्ग इससे अवरूद्ध होता जा रहा है और व्याप्त गंदगी से संक्रामक बीमारियों के फैलने की आशंका बन रही है? वही दूसरी ओर गौर किया जावे तो नगर के बस स्टेन्ड से पलोहा नाका की ओर जाने वाले प्रमुख चौराहे की स्थिति तो इस प्रकार से देखने मिल रही है कि लोगों द्वारा जिस प्रकार से अपने भवनों को निर्धारित सीमा से बढ़ाकर आगे की ओर बनाया गया है उससे सड़क का हाल यह बन चुका है कि वहां पर बसों के निकलने में इतनी परेशानी होती है कि बस चालक इस दहशत में रहते है कि कोई घटना घटित न हो जावे, जबकि यहां की मार्ग को काफी चौड़ा बताया जा रहा है। मगर अतिक्रमण की बाढ़ के चलते यहां पर छोटे वाहनों का निकलना तक मुश्किल हो चुका है, यह बात अलग है कि इस समय प्रशासन द्वारा नगर में अतिक्रमण हटाने की मुहिम चलाई चलाई जाती है, मगर यह मुहिम मात्र गरीबों तक सीमित रहने के कारण धनवानों की हवेलियों में आज भी शासकीय भूमि पर कब्जा करते हुए अपनी खुशी की किलकारी दिखाई पड़ रही है जिसके चलते शासन के ईमानदारी से अतिक्रमण हटाने की सच्चाई पर पक्षपात के बादल स्पष्ट मडराते हुए दिखाई पड़ रहे है?



खबर संक्षेप

## कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में पीएचई, जल संसाधन विभाग की संयुक्त बैठक



**डिंडौरी।** कलेक्टर विकास मिश्रा ने पेयजल आपूर्ति और पेयजल व्यवस्था के संबंध में समीक्षा बैठक का आयोजन किया। उन्होंने कहा कि पीएचई विभाग और जल संसाधन विभाग के कार्यों के मध्य अधिक से अधिक समन्वय हो। जिससे जल आपूर्ति के मुद्दो को त्वरित निपटान कर पाना संभव होगा। इसलिए सौंपे गए कार्यों को प्राथमिकता के साथ दोनों विभाग पूरे करें। जल संकट की स्थिति में पीएचई और जल संसाधन विभाग की भूमिका स्पष्ट होनी चाहिए। ज्ञात है कि जल संसाधन विभाग द्वारा सतही जल एवं पीएचई द्वारा जल आपूर्ति के कार्य किए जाते हैं। कलेक्टर ने जल संसाधन विभाग के कार्यों में आने वाले भूमि संबंधी मुद्दों पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि बांधों के लिए किए जा रहे कार्यों को समय सीमा में पूर्ण करें। शहपुरा के बिलगढ़ा डैम, डिंडौरी के नर्मदा नदी डैम और करंजिया के बिठ्ठलदेह डैम पर जल संसाधन विभाग को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पानी की अत्यंत गंभीर समस्या वाले क्षेत्रों में प्राथमिकता के साथ कार्यों को पूरा करें।

## आयुर्वेदिक चिकित्सकों की बैठक का आयोजन

**डिंडौरी।** कलेक्टर विकास मिश्रा के ने आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयुर्वेद चिकित्सकों की बैठक का आयोजन किया। कलेक्टर श्री मिश्रा ने डिंडौरी स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में आयुर्वेदिक स्वास्थ्य कैम्पों के आयोजन के संबंध में आयुर्वेदिक डॉक्टर की बैठक ली। कलेक्टर विकास मिश्रा ने बताया कि इंदौर के अरविंदो कॉलेज के सहयोग से डॉ. विनोद भंडारी की टीम के द्वारा चांड़ा में हैल्थ कैंप का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि आयुर्वेद के माध्यम से क्षेत्र की सांस्कृतिक विरासत का भी संरक्षण करना है। इसलिए हैल्थ कैंप की तैयारियां उचित रूप से सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने असंक्रामक रोगों जैसे डायबिटीज, बी.पी., आदि रोगों पर रणनीति बनाने के लिए निर्देशित किया। उन्होनें कहा कि ऐसे रोग जिनका प्रसार अधिक है उन्हें चिन्हित कर ठीक करने का प्रयास करें। ऐसे वनरक्षकों को चिन्हित करें जिन्हें औषधि की पहचान एवं समझ रखते है। साथ ही स्थानीय वैद्यों को साथ लेकर औषधि का लाभ लोगों तक पहुंचाएं। कलेक्टर ने कहा कि चिकित्सा बहुलवाद पद्धति पर कार्य करने के लिए आयुर्वेद का संरक्षण और प्रसार जरूरी है। उन्होंने निर्देशित किया कि निरोधात्मक स्वास्थ्य पर अधिक ध्यान दें। आयुर्वेद के क्षेत्र में शोध कार्य जारी करें और आयुर्वेद के अनुसार डाइट चार्ट बनाकर लोगों को जागरूक करें। स्थानीय क्षेत्र में पाई जाने वाली औषधियों से आमजन को लाभ पहुंचाएं। उन्होंने आयुर्वेदिक चिकित्सकों को निर्देशित किया कि वे आयुर्वेद पर शोध कार्य करते हुए अस्पतालों को सुलभ बनाएं।

## मनाया जाएगा भार्गव भगवान श्री परशुराम जी का प्राकट्योत्सव

**अनूपपुर।** आयोजक विप्र समाज अनूपपुर ने जानकारी देते हुए बताया कि 10 मई को भार्गव भगवान श्री परशुराम जी का प्राकट्योत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। बताया गया की गत दिनों परशुराम जन्म उत्सव के संबंध में समस्त विप्रवरो के द्वारा बैठक मे लिए गए निर्णय के अनुसार सभी विप्र बंधुओ से निवेदन किया गया है कि सपरिवार राजनीति से परे होकर केवल भगवान परशुराम जी के प्राकट्योत्सव को मनाने हेतु अपनी उपस्थिति से सहयोग प्रदान करें तथा भगवान परशुराम जी का आशीर्वाद प्राप्त करें। भार्गव भगवान श्री परशुराम जी के प्राकट्योत्सव कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया गया कि 10 मई शुक्रवार को अपरान्ह 03 बजे से वैदिक पूजन अर्चन, अपरान्ह 04 बजे से सुन्दर काण्ड का सस्वर पाठ एवं सायं 06.30 बजे से प्रसाद (भण्डारा) वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया है।

# जनपद पंचात मेंहदवानी के ग्राम मनेरी में भीषण जलसंकट

## ग्रामीण महिलाएं रात्रि जागरण कर खंगाल रहे पीने का पानी



जनपद पंचायत मेंहदवानी के ग्राम पंचायत मुख्यालय मनेरी में ग्राम पंचायत की लापरवाही से इन दिनों भीषण जलसंकट गहराया हुआ है।

हरिभूमि न्यूज मेंहदवानी।

आलम ये है कि एक डिब्बा पानी के लिए महिलाओं को रात्रि जागरण करना पड़ रहा है। लगभग 1200 की आबादी वाले इस ग्राम में मात्र एक सूखा कुंआ है जहां रात्रि जागरण कर पानी झिरने के बाद कुछ लोगों को बमुश्किल पानी मिल पा रहा है।

### ग्राम पंचायत की लापरवाही उजागर

ग्राम पंचायत मनेरी में विधायक निधि का पानी टेंकर है जिसका उपयोग निजी कार्यों में किया जा रहा है जबकि पिछले वर्ष इसी पानी टेंकर से ग्राम मनरी के रहवासियों के लिए पीने का पानी उपलब्ध कराया जा रहा था परन्तु इस वर्ष ग्राम पंचायत पीने का पानी नहीं पहुंचा रहा है जिसके चलते पानी की विकराल समस्या बनी हुई है।

### टेंकर से पीने का पानी पहुंचाया जाए

ग्राम मनेरी के ग्रामीण एवं पेसा एक्ट के अध्यक्ष पहल सिंह वरकड़े,पंच लखन लाल धुर्वे,पंच नन्हुं सिंह मरकाम, दुजिया बाई,सेवा दास सोनवानी,गेंद बाई, सुशीला बाई,आशा बाई,सोन बाई,ईश्वरी बाई,मत्ती बाई सहित अन्य ग्रामीणों ने पानी टेंकर से ग्राम मनेरी में पीने का पानी उपलब्ध कराए जाने की मांग की है। इस संबंध में जानकारी लेने ग्राम पंचायत मनेरी की सरपंच से सम्पर्क करने की कोशिश की गई पर सम्पर्क नहीं हो पाया।



# कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय सीमा की बैठक संपन्न




हरिभूमि न्यूज डिंडौरी।

कलेक्टर विकास मिश्रा की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय सीमा की बैठक आयोजन किया गया। कलेक्टर ने प्रारंभ में पंप ऑपरेटर रामेशवर सिंह धुर्वे को पेयजल आपूर्ति के लिए, सीताराम तेकाम को वृक्ष संरक्षण के लिए, शालिग राम को आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए, श्रीमती रजनी साहू को संस्थागत प्रसव के क्षेत्र में, श्रीमती पूजा देवी को जल आपूर्ति में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए सम्मानित किया। उन्होनें कहा कि इन सभी के सहयोग से जिले दूरस्थ क्षेत्रों तक आमजन को सुविधाएं प्राप्त हो पा रहीं हैं।

कलेक्टर ने विभागवार सभी अधिकारियों से कार्य प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने जिला पंचायत के कार्यों की समीक्षा कर निर्माणाधीन आवास, आयुष्मान कार्ड, समग्र आई-डी, किसान क्रेडिट कार्ड, खाद्य आपूर्ति, निर्माणाधीन आंगनवाड़ी आदि के बारे में समीक्षा की। लंबित कार्यों को समय पर पूरा करने के लिए निर्देश दिए, तथा अपने कार्यों को आकलन करने को कहा।

कलेक्टर ने राजस्व विभाग को निर्देशित किया कि शनिवार को आयोजित होने वाले स्वास्थ्य कैंपों के लिए ग्रामों का निर्धारण कर महिला बाल विकास विभाग को सूचित कर दें। और राजस्व विभाग को उनके प्रचलित कार्य जैसे सीमांकन, बटवारा आदि पर कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को सार्वजनिक स्थल जैसे शमशान घाट, आंगनवाड़ी, स्कूल, खेल मैदान से अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए। ऐसे स्थलों पर यदि अतिक्रमण पाया जाता है तो कार्यवाही की जाएगी।कलेक्टर ने खाद्य विभाग से गेंहू उपार्जन की समीक्षा की। जिसमें बताया कि गेंहू उपार्जन का कार्य 8 स्थानों पर प्रारम्भ है। शहपुरा और गोरखपुर के मुद्दो को सुलझा लिया गया है। कलेक्टर श्री मिश्रा ने गेंहू को बारिश से बचाने के लिए बेहतर प्रबंधन करने के निर्देश दिए। उन्होंने पीडीएस से होने वाले गेंहू वितरण जानकारी भी प्राप्त की। शेष खाद्य आपूर्ति को पूरा करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर विकास मिश्रा ने नगर परिषद के कार्यों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि सार्वजनिक स्थलों पर की जा रही मीट, मछली की बिक्री पर उचित कार्यवाही करें। नगर परिषद यह सुनिश्चित करें कि बारिश के पूर्व नालों की सफाई पूरी हो जाए और किसी भी स्थिति में बारिश के दौरान घरों में पानी न भरे। उन्होंने नगर परिषद के निर्माणाधीन कार्यो को तय समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने शिक्षा विभाग और जनजाति कार्य विभाग को परिणामों का आकलन करते हुए ऐसे विद्यालयों पर नोटिस जारी करने के निर्देश दिए जहां पर परीक्षा परिणाम 20 प्रतिशत से कम है। कलेक्टर ने कृषि विभाग, पीएचई, विद्युत विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग आदि की भी समीक्षा की और आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने सभी विभागों को कार्यालयीन कर्मचारियों की सीआर पर आवश्यक रूप से कार्य करने को कहा एवं अपने कार्यालयों की पेयजल व्यवस्था एवं स्वच्छता को सुदृढ़ करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सभी विभागों को निर्देशित किया कि वे सरकारी आवासों का अवलोकन कर उनकी स्थिति से अवगत कराएं। उन्होंने विभागों के समय सीमा के पेंडिंग प्रकरणों पर समीक्षा की और अधिक लंबित मामलों पर सख्त कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

## भुरका में झोपड़ी में लगी आग 4 वर्षीय मासूम सहित दो मवेशियों की मौत

**मेंहदवानी।** पुलिस थाना मेंहदवानी के ग्राम भुरका टोला के बैगान टोला में खेत में बने झोपड़ी में अज्ञात कारणों से आग लग गई। आग में जलने से 4 वर्षीय मासूम चंदन पिता हीरा उइके की दुखद मौत हो गई। इसके साथ ही आग में जलने से दो मवेशियों की मौत हो गई। ग्रामीणों ने डायल 100 एवं दमकल वाहन को घटना की सूचना दी। मेंहदवानी पुलिस मौके पर पहुंच गई है जबकि दमकल वाहन के पहुंचने से पहले सब कुछ खाक हो गया।

## बाल विवाह रोकने के लिए जारी किए निर्देश

**डिंडौरी।** बाल विवाह करते पाए जाने पर दोनो पक्षों के साथ शामिल व्यक्तियों पर होगी कार्रवाई। बाल विवाह रोकने हेतु जिला प्रशासन ने आवश्यक निर्देश जारी किए हैं। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग श्री श्याम सिंगौर ने बताया कि जिले में 10 मई 2024 को अक्षय तृतीया का पर्व मनाया जाएगा। इस दिन बाल विवाह होने की प्रबल संभावना होती है। बाल विवाह एक कानूनी अपराध है, इस पर 2 वर्ष का कारावास एवं एक लाख रूपये तक जुर्माने का प्रावधान है। बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के अनुसार विवाह के लिए युवती की आयु 18 वर्ष पूर्ण एवं युवक के लिए 21 वर्ष पूर्ण होनी चाहिए। इससे कम आयु में शादीध्विवाह करना बाल विवाह की श्रेणी में आता है। जिले के सभी नागरिकोंध्विवाह कराने वाले सभी सेवा प्रदाताओं यथा प्रिन्टिंग प्रेस, हलवाई, केटर्स, धर्मगुरु, वैण्डवाला ट्रान्सपोर्ट एवं समाज के मुखियाओं से यह अपील है कि बाल विवाह होने की सूचना तत्काल दें। बाल विवाह में सम्मिलित न हो। सूचना देने वालों का नाम गोपनीय रखा जाएगा। बाल विवाह होने की सूचना या शिकायत चाइल्ड लाइन नंबर 1008, डायल 100 के अलावा यन स्टॉप सेंटर डिंडौरी के हेल्पलाइन नंबर 7828195167, जिला कार्य, अधिकारी 7441103032 एवं परियोजना अधिकारी डिंडौरी 9575930147, परियोजना अधिकारी बजाग 9755431043, परियोजना अधिकारी शहपुरा 9644476757, परियोजना अधिकारी मेंहदवानी 9644476757, परियोजना अधिकारी करंजिया 8950644144, परियोजना अधिकारी अमरपुर 9424385052 के मोबाइल नंबर एवं व्हाट्स अप नंबर पर दी जा सकती है। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग श्री श्याम सिंगौर ने बताया कि "अक्षय तृतीया पर बाल विवाह रोकने हेतु जिला प्रशासन ने टास्क फोर्स का गठन किया है। बाल विवाह के प्रति लोगों को जागरूक किया जा रहा है। मैरिज हॉल, टेंट व्यसायी, बैंड बाजा संचालक, कैटर्स संचालकों के अलावा पंडित, मौलवियों (धर्म गुरू) को भी सख्त संदेश दिए जा रहे हैं कि वैवाहिक आयोजन में सम्मिलित होने के पूर्व यह सुनिश्चित कर लें कि कहीं वर वधु निर्धारित आयु से कम के तो नहीं है। यदि ऐसा पाया जाता है कि बाल विवाह में उक्त सभी सेवा प्रदाताओं के द्वारा बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के उल्लंघन किया गया है तो दोनो पक्षों (वर-बधु) के अलावा आयोजन में कार्यरत सभी व्यक्तियों पर कानूनी कार्यवाही की जाएगी।



## कलेक्टर ने ली राजस्व विभाग की समीक्षा बैठक

हरिभूमि न्यूज डिंडौरी।

कलेक्टर विकास मिश्रा ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक का आयोजन किया। उक्त बैठक के प्रमुख बिन्दु राजस्व प्रकरणों पर चल रहे प्रचलित कार्यों की समीक्षा करना रहा। बैठक में एडीएम सरोधन सिंह, अपर कलेक्टर सुनील शुक्ला, एसडीएम शहपुरा अनुराग सिंह, संयुक्त कलेक्टर सुश्री भारती मेरावी, एसडीएम डिंडौरी रामबाबू देवांगन, डिप्टी कलेक्टर वैधनाथ वासनिक सहित समस्त तहसीलदार, नायब तहसीलदार उपस्थित रहे। कलेक्टर विकास मिश्रा ने तहसीलवार ओला राहत राशि वितरण के संबंध में जानकारी ली। ओला प्रभावित क्षेत्रों में राहत राशि का भुगतान किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि शेष भुगतान राशि के मामलों का त्वरित निपटान करें।कलेक्टर ने किसान निधि में लंबित चल रहे ई-केवाईसी का त्वरित निपटान करने के लिए आवश्यक निर्देश दिए। साथ ही एनपीसीआई के लंबित मामलों को पूरा करने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने राजस्व मामले जैसे- नक्शा शुद्धिकरण, अनलिंक नक्शा, खसरा, नक्शा बटांकन, धारणाधिकार, पट्टा आवंटन, भूमि अधिग्रहण, भू-अर्जन मामलों पर समीक्षा करते हुए लंबित प्रकरणों को पूरा करने के लिए निर्देश दिए। उन्होंने न्यायालय से आ रहे वसूली मामलों पर त्वरित कार्यवाही करने के निर्देश दिए।कलेक्टर विकास मिश्रा ने सीएम हेल्पलाईन के प्रकरणों की भी समीक्षा की। उन्होंने सीएम हेल्पलाईन के प्रकरणों का समय सीमा में निराकरण के निर्देश दिए। उन्होंने राजस्व के प्रचलित कार्यों को समय सीमा में पूरा करने के आवश्यक निर्देश दिए और राजस्व लक्ष्यों की पूर्ति करने के लिए निर्देशित किया।

# वन विभाग, राजस्व विभाग, जनजाति कार्य विभाग की संयुक्त बैठक का आयोजन

हरिभूमि न्यूज डिंडौरी।



कलेक्टर विकास मिश्रा ने आज वन विभाग, राजस्व विभाग, जनजाति कार्य विभाग की संयुक्त बैठक का आयोजन किया। बैठक में जिला वन अधिकारी साहिल गर्ग, एडीएम सरोधन सिंह, अपर कलेक्टर सुनील शुक्ला, एसडीएम शहपुरा अनुराग सिंह, एसडीएम डिंडौरी रामबाबू देवांगन, सहायक आयुक्त जनजाति कार्य विभाग संतोष शुक्ला सहित अन्य राजस्व व वन विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक का प्रमुख केन्द्रबिंदु सामुदायिक दावों पर राजस्व और वन विभाग का समन्वय से कार्य करना रहा। कलेक्टर ने सामुदायिक मामलों पर चर्चा कर राजस्व भूमि और वन भूमि में सामूदायिक दावों पर समीक्षा की। उन्होंने कहा कि राजस्व और वन विभाग की भूमि के मध्य उचित विभाजन होना चाहिए। सामुदायिक दावों के मामलों पर उचित रूप से विभागों की भूमिका स्पष्ट होना चाहिए। जिला वन अधिकारी श्री साहिल गर्ग ने सामुदायिक दावों के प्रकारों को स्पष्ट रूप से बताते हुए कहा कि नवीन निर्माणों में वन अधिकार अधिनियम के तहत सामुदायिक दावे नहीं किए जाते, इसी प्रकार वृक्षारोपण मामलों में भी सामुदायिक दावे नहीं किए जाते। कलेक्टर ने कहा कि विकासखंड स्तर पर वृक्षारोपण के मामलों पर एसडीएम निगरानी रखें। जिसमें वन विभाग का सहयोग प्राप्त हो, वृक्षारोपण ऐसे स्थानों पर किया जाए जहां पर जल स्त्रोत समीप हो जिससे कि वृक्षों की आयु अधिक हो। उन्होंने वन क्षेत्रों में किए जाने वाले कब्जों पर निर्देश देते हुए कहा कि कब्जा वाले क्षेत्रों को चिन्हित कर वन विभाग, राजस्व विभाग के साथ मिलकर कब्जा हटाने की कार्यवाही करें। उन्होंने वनों में लगने वाली आग के लिए विशेष ध्यान देते हुए कार्य करने के निर्देश दिए। ग्रीष्म ऋतु में आगजनी की मामलों में वृद्धि होती है इस कारण आगजनी से बचने के पूर्व उपाय आवश्यक रूप से करें। कलेक्टर विकास मिश्रा ने पेयजल संकट के मुद्दो पर संयुक्त रूप से कार्य करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि वन क्षेत्रों में होने वाले पेयजल संकट का निदान मिलकर करें। यह एक संवेदनशील मुद्दा है जिसमें वन ग्राम के कोटवारों को साथ में रहकर कार्य करवाएं। कलेक्टर श्री मिश्रा ने वनाधिकार पट्टा, नामांतरण, वन क्षेत्रों के स्कूल तथा वन क्षेत्रों के हाट- बजारों में होने वाली गतिविधियों पर निगरानी करने के निर्देश दिए। उन्होंने पशुओं के अनैतिक व्यापार पर कार्यवाही करने के निर्देश दिए। राजस्व, वन तथा पुलिस विभाग के अधिकारियों को साथ में समन्वित होकर कार्य करने का निर्देशित किया।

## ठोकर से पुल से नीचे गिरा मोटर सायकिल सवार युवक

**अनूपपुर।** कोतवाली थाना अनूपपुर के जैतहरी मार्ग में साई मंदिर के सामने तिपान पुल पर रविवार की देर रात अनूपपुर से मोटरसाइकिल से महुदा जा रहे दो युवक जैतहरी की ओर से आ रहा अज्ञात हाईवा की ठोकर से गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें उपचार हेतु जिला चिकित्सालय ले जाने बाद बेहतर उपचार हेतु रेफर करने के दौरान ही 24 वर्षीय युवक ने दम तोड़ दिया वहीं दूसरा युवक को चोट आने पर उपचार हेतु अनूपपुर में भर्ती किया गया है। घटना के संबंध में प्राप्त जानकारी अनुसार जैतहरी थाना क्षेत्र के महुदा गांव के निवासी राजनारायण राठौर के 24 वर्षीय पुत्र राजाराम राठौर अपने रिश्तेदार मनीष राठौर 22 वर्ष के साथ मोटरसाइकिल क्रमांक एमपी 65 एमसी 6103 से अपनी भाभी प्रतिभा राठौर को छोड़ने अनूपपुर रेलवे स्टेशन में आने बाद भाभी को ट्रेन में बैठा कर रविवार की रात 10:30 बजे वापस जैतहरी की ओर से महुदा जा रहा था तभी साई मंदिर के सामने तिपान नदी में बने नये पुल में जैतहरी की ओर से तेज गति से आ रहा अज्ञात हाईवा ट्रक ने ठोकर मार दी।

## पुलिस की सक्रियता के बावजूद बेधड़क चल रहा पशु तस्करी का धंधा

कोतमा।

पशु तस्करी हो या फिर वाहनों से वसूली पुलिस डाल-डाल तो तस्कर पात-पात के तर्ज पर अपने कारोबार को बेधड़क संचालित करते रहते हैं। इन दिनों पशु तस्करी करने वाले तस्करों ने फंडा बदल दिया। इसकी पुष्टि भी पुलिस की कार्रवाई से की जा सकती है। 100 से अधिक गोवंश जहां मुक्त कराए जा चुके हैं। पशु तस्करी हो या फिर वाहनों से वसूली। हाइवे हर समय सुर्खियों में रहा है। पुलिस डाल-डाल तो तस्कर पात-पात के तर्ज पर अपने कारोबार को बेधड़क संचालित करते रहते हैं। ऐसा नही है कि क्षेत्र में हो रहे पशु तस्करी की जानकारी पुलिस को ना हो नगर सहित क्षेत्र में पशु तस्करों के ऊपर पुलिस का संरक्षण होने की जन चर्चा जोरों पर चल रही है। क्षेत्र मे पशु तस्करी का कारोबार थमने का नाम नहीं ले रहा है। पशु तस्करों ने फंडा ही बदल दिया है। छोटे वाहनों से गोवंश की तस्करी की जा रही है। अभी कुछ दिन पहले अनुपपुर में पिकअप वाहन से ले जाते समय गोवंश पकड़े गए थे। कोतमा थाना क्षेत्र में इन दोनों पशु तस्कर अब ग्रामीण क्षेत्र की ओर रुख करते हुए ग्रामीण क्षेत्रों में पैदल के रास्ते जानवरों को ले जाकर इकट्ठा करते हैं और रात के अंधेरे में पिकअप एवं बड़े वाहनों में भरकर मूख जानवरों को छत्तीसगढ़ के रास्ते से अप एवं अन्य जगहों के भूचड खाने में ले जाते हैं। ऐसा नहीं है कि इस बात की जानकारी कोतमा पुलिस को ना हो लेकिन पुलिस मात्र खानापूर्ति करते हुए अपने कर्तव्यों से इतिश्री कर लेती है। पुलिस वाहनों पर मात्र क्रूरता पूर्वक जानवरों को भरकर वहां में ले जाने का मामला बनती है और वह भी चालक के खिलाफ जिससे तस्कर आसानी से बचकर निकल जाते हैं। कोतमा के आसपास चंगेरी बसखली बसखला गढ़ी विचारपुर छुल्हा रेउसा चाका मे मूक जानवरों को इकट्ठा करते हैं और बडे तस्कर भी ग्रामीण क्षेत्रो के तस्करों से साथ गांठ कर जोरों से व्यवसाय कर रहे हैं। जब कभी समाजसेवियों के द्वारा थाने में फोन अवैध रूप से मवेशियों को भरकर ले जाने की सूचना देते हैं तो पुलिस मौके पर पहुंचकर वाहन सहित जानवरों को पदकर थाने ले जाती है और मामूली धाराओं में कार्रवाई कर देती है विगत दिनों पुलिस ने अज्ञात वाहन मालिक के खिलाफ मामला दर्ज किया था ऐसा नहीं है कि पुलिस को उसकी जानकारी ना हो लेकिन कहीं ना कहीं पुलिस तस्कर के सांठ गांठ के चर्चे नगर में जोरों में व्याप्त है। विगत दिनों पुलिस ने एक ट्रैक में 22 मवेशियों को भरकर अवैध रूप से ले जाते हुए पकड़ा था जबकि इसकी चर्चा यह है कि रात्रि में समीपी गांव चंगेरी मे पशुओं को इकट्ठा किया गया था। उसके बाद पुलिस की गशत गाड़ी उसे रास्ते में दो से तीन बार निकली थी साथ ही डायल 100 भी उसे स्थान पर नजर आई थी। कुछ प्रत्यक्षदर्शी वहां पर मौजूद थे जो यह जानकारी दे रहे थे कि पहले डायल 100 वहां उसके बाद पशुओं से भारत ट्रेक फिर पीछे पुलिस अगस्त की गाड़ी और आगे आगे एक मोटर साइकिल और उसके पीछे एक सफेद कर चल रही थी जिसे पुलिस की गस्त वाहन ने चंगेरी तिराहा तक फॉलो किया था ।

## किसानों ने एसपी से की शिकायत, रास्ता खुलवाने की मांग

# रास्ते की शासकीय जमीन पर दबंग ने किया कब्जा

नरसिंहपुर

जिले मे शासकीय जमीन से अतिक्रमण होने शिकायते आये दिन सामने आती रहती है । वही प्रशासन द्वारा शासकीय भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने के लिये हरसंभव प्रयास भी किये जा रहे है लेकिन जिले की शासकीय भूमि अतिक्रमणकारियों से मुक्त नही हो पा रही और लोगो को आये दिन समस्याओं का सामना करना पड़ता है । ऐसा ही मामला गोटेगांव तहसील क्षेत्र के ग्राम रायखेड़ा से सामने आया जिसमे किसानों द्वारा पलिस अधीक्षक को लिखित आवेदन देकर रास्ता खुलवाने की मांग की गई है ।



### मामला इस प्रकार

जिले की गोटेगांव अंतर्गत रायखेड़ा गांव के एक किसान ने एस पी देकर रास्ता खुलवाने की मांग की है। शिकायत मे बताया गया है कि गांव के ही दबंग ने शासकीय जमीन पर अतिक्रमण कर बाकी किसानों का रास्ता बंद कर दिया है और किसानों के निकलने पर दबंग धमकी भी दे रहा है। जिले की गोटेगांव तहसील के रायखेड़ा गांव के निवासी प्रदीप, कमलेश और शान्तिबाई ने नरसिंहपुर पुलिस अधीक्षक को शिकायती आवेदन देते हुए बताया कि उनकी जमीन रायखेड़ा गांव के खसरों के रिकार्ड में दर्ज है। और सभी के आने जाने हेतू शासकीय जमीन में से रास्ता है जिसका ख.नं. 62/1 है, उसपर गांव के ही मानसींग, गनपत, जितेन्द्र व आनंद लोधी द्वारा शासकीय भूमि पर अतिक्रमण करके फसल बोई गयी है जिससे अन्य किसानों का आना जाना पूर्णतः बंद हो गया है।

### खेत जाने को नही है रास्ता

ग्रामीणों द्वारा दी गई शिकायत मे बताया गया कि गांव दबंग द्वारा शासकीय भूमि पर कब्जा कर लिया गया है तथा हमे खेत जाने के लिये रास्ता भी नही दिया जा रहा है जिससे उनके खेती कार्य बाधित हो रहे है । ग्रामीणों की शिकायत के अनुसार उक्त रास्ते को लेकर दबंग से आये दिन विवाद होता रहता था पूर्व में शासन द्वारा सीमांकन कर अतिक्रमण हटा दिया गया था लेकिन दबंगों के पुनः रास्ते पर पिलाऊ चला दी जिससे फिर से रास्ता बंद हो गया है। आवेदन देकर मांग करते हुए किसान ने अतिक्रमणकारियों से शासकीय रास्ते को मुक्त कराने की मांग की है।

### आखिर कब होगी शासकीय भूमि अतिक्रमण मुक्त

सरकार द्वारा शासकीय भूमि को अतिक्रमण मुक्त कि ये जाने को लेकर अनेको वादे किये जाते है तथा प्रशासन द्वारा अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जाती है लेकिन शासकीय भूमि से अतिक्रमण नही हट पा रहा है। प्रशासन द्वारा कभी कभार दस्तूरी कार्रवाई की जाती है जिससे लोगो मे आस जागृत हो जाती है कि अब शासकीय भी अतिक्रमण से मुक्त होगी और अच्छी व्यव्स्था तथा लोगो समसामयिक शासकीय भूमि का उपयोग करने को मिल सकता है लेकिन लोगो की आस के विपरीत कार्य हो जाता है । अब देखना होगा की एस पी से शिकायत के बाद प्रशासन द्वार क्या कार्रवाई की जाती है ।

## खबर संक्षेप

### घाट निमार्ण कार्य का हुआ भूमि पूजन



**नरसिंहपुर** । गत दिवस भटेरा में नर्मदा जी के घाट के निर्माण कार्य का परम पूज्य गुरुदेव जी महाराज द्वारा भूमि पूजन कर श्री गणेश किया किया गया । भटेरा नर्मदा घाट निर्माण कार्य होने से श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधा की दृष्टि से उक्त निर्माण कराया जा रहा है । घाट निमार्ण कार्य के शुभारंभ अवसर पर धनलक्ष्मी कम्पनी के चैयरमेन पारस तोमर द्वारा भूमि पूजन कर घाट निर्माण कार्य शुरूआत की गई । उक्त निमार्ण कार्य धनलक्ष्मी द्वारा किया जा रहा है जिसकी क्षेत्र मे सराहना की जा रही है ।

### ट्रेन से कटने से युवक की मौत

**नरसिंहपुर** । गत दिवस थाना क्षेत्र ठेमी अंतर्गत आने वाले ग्राम झामर निवासी युवक की ट्रेन से कटने से मौत हो गई। पुलिस से प्राप्त जानकारी अनुसार अंकित पिता दुर्जन लोधी उम्र 19 वर्ष की बौछार फाटक के पास रेलवे ट्रेक पर छत - विक्षत अवस्था में लाश मिली। स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी पुलिस मौके पर पहुंची और पंचनामा कार्रवाई के बाद मर्ग कायम कर शव को एंबुलेंस द्वारा जिला अस्पताल लाया गया है जहां पर शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया । मृतक के मामा परशोत्तम लोधी ने बताया खेत में दवाई डालने के बाद मेरा भांजा अंकित कल शाम को घर से निकला था।

### बाइक आमने- सामने भिड़ी, 3 घायल, एक जबलपुर रेफर

**नरसिंहपुर** । विगत दिवस थाना क्षेत्र मुंगवानी अंतर्गत गाडरवारा खेरा निवासी भैरव प्रसाद पिता श्याम लाल राय 61 वर्ष और ब्रजवासी लाल पिता जगदीश प्रसाद निवासी उचेहरा थाना सतना अपने साथी के साथ मुंगवानी से अपने घर बाइक से लौट रहे थे उस दौरान सामने से आ रहे बाइक चालक सुमित उइके वर्धा निवासी ने टक्कर मार दी जिससे तीनो घायल हो गए वही 108 एम्बुलेंस से तीनों को उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया जहां गम्भीर घायल सुमित उइके को जबलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया वही दो का इलाज जिला अस्पताल में किया जा रहा हैं।

### भाविप द्वारा निःशुल्क प्याऊ कर शुभारंभ



**नरसिंहपुर** । गत दिवस भारत विकास परिषद शाखा नरसिंहपुर द्वारा निशुल्क प्याऊ का शुभारंभ आज आदरणीय सुनील कोठारी जी भारत विकास परिषद रीजनल अध्यक्ष और साथ में वरिष्ठ समाज सेवी आदरणीय आर के भट्ट सर द्वारा रिबन काट कर पोस्ट ऑफिस नरसिंहपुर के सामने किया गया जिसमें शाखा नरसिंहपुर के अध्यक्ष शिरीष पुरोहित पूर्व अध्यक्ष अनिल राजपूत , सोमराज कोरी कोषाध्यक्ष कुलदीप सिंह सलूजा संजय राय निर्भय राम साहू कमलेश नेम नितिन नेम आदि सदस्यों की उपस्थिति रही

### शतप्रतिशत रहा 5 वीं का परीक्षा परिणाम

**तेंदूखेडा** विगत दिनों राज शिक्षा केंद्र भोपाल के द्वारा कक्षा पांचवी एवं आठवीं के 2024 के बोर्ड परीक्षा परिणामों की घोषणा की गई ।जिसमें सर्वोदय विद्यालय का हिंदी एवं अंग्रेजी माध्यम का परीक्षा परिणाम विगत वर्षों की भांति उत्कृष्ट रहा ,कक्षा पांचवी का हिंदी एवं अंग्रेजी माध्यम दोनों का ही परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा है,हिंदी माध्यम में कक्षा पांचवी में 38 विद्यार्थियों में से 33 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में और पांच विद्यार्थी द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए ।

## 108 चालक ने नर्स से की बदतमीजी

नरसिंहपुर

108 चालक द्वारा नर्स से बदतमीजी का मामला जोर पकड़ता जा रहा है । ज्ञात हो कि बीते दिना 108 चालक भूपेन्द्र चौधरी प्रसूति के लिये महिला को लेकर रात मे तकरीबन 1 आया और महिला हाई रिस्क पाई गई जिसमें महिला को रेफर जिला चिकित्सालय किया गया । जिस पर 108 चालक द्वारा स्टाफ नर्स से बदतमीजी करते हुये वाहन लेकर चला गया । जिसकी सूचना मेडिकल ऑफिसर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बोहानी को दी गई । नर्स की शिकायत पर डॉ. उपेन्द्र सिंघई द्वारा पत्र लिखकर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को जानकारी देते हुये कार्रवाई की मांग की गई । उक्त संबंध चर्चा करते हुये डॉ. सिंघई द्वारा बताया गया कि उक्त घटना की जानकारी के बाद उच्च अधिकरियों को पत्र के माध्यम से जानकारी दी जा चुकी है जो भी विधिअनुरूप क ार्रवाई के आदेश प्राप्त होंगे कार्रवाई की जावेगी । ज्ञात हो कि 108 चालक भूपेन्द्र चौधरी पूर्व मे इस प्रकार के और कारनामे कर चुके है जिसके कारण तत्कालीन अधिकारियों द्वारा हटाया गया था

## भारतीय जीव जंतु कल्याण बोर्ड द्वारा संगोष्ठी आयोजित

**करेली** । नगर के बीएसएल स्कूल में भारतीय जीव जंतु कल्याण बोर्ड पिपुल फॉर एनिमल्स संस्था द्वारा मूक पशु पक्षियों के सरक्षण के लिए जन जागरूकता के उद्देश से कार्यक्रम का आयोजन किया गया । जिसमे करेली नगर के पशु प्रेमी उपस्थित हुए । सर्व प्रथम डॉग पर आधारित फिल्म का प्रसारण किया गया। कार्यक्रम में शक्ति धाम पीठाधीश्वर श्री दिवाकर महराज ने गाय,कुत्ते,वा अन्य पशुओं को धार्मिक महत्व बताते हुए पशुओं से प्रेम करने की बात कही । अन्य वक्ताओं प्रियांशी गौरव शहर की शहर की पशु प्रेमी प्रियांशी गौरव वरिष्ठ पत्रकार शैलेंद्र शर्मा बसंत तिंगनाथ, प्रेस परिषद करेली के सचिव मनोज लुनावत डाक्टर सुनील शर्मा , दीपक शर्मा, दीपक कौरव , भारतीय जीव जंतु कल्याण बोर्ड से नियुक्त मानद पशु कल्याण अधिकारी भागीरथ तिवारी अमित बर्मा आदि ने मूक पशुओं के संबंध में सुरक्षा और इलाज के संबंध में बात की वहीं दूसरी ओर पीपल फॉर एनिमल्स पदाधिकारी स्वाति गौरव ने भी वीडियो के माध्यम से मुक पक्षियों की सुरक्षा को लेकर बात




कही स्वाति ने बताया कि पी एफ ए संस्था देश में प्रसिद्ध पशु प्रेमी पूर्व केंद्रीय मंत्री श्रीमती मेनका संजय गांधी की मार्गदर्शन में निर्देशन में किस तरह कार्य कर रही है । करेली नगर के प्रेस परिषद करेली के अध्यक्ष, पत्रकार परिषद के जिला अध्यक्ष पशु प्रेमी अनुज ममार के यहां पर जर्मन शेफर्ड नस्ल का डॉग था जिसकी मृत्यु 27.04.2024 को हो गई थी, डॉग की तबियत खराब होने पर काफी प्रयास मानद पशु कल्याण प्रतिनिधि ,पीएफए संस्था के जिला अध्यक्ष भागीरथ तिवारी,मालिक अनुज ममार और पशु चिकित्सको ने किए लेकिन ब्रूनो डॉग की मौत हो गई थी, इसी बात से आहत होकर पशुओं के प्रति प्रेम को बढ़ावा देने के उद्देश से कार्यक्रम की रूपरेखा तय हुई और कार्यकम का आयोजन किया गया जिसमे बड़ी संख्या में नागरिक सामिल हुए ओर सभी ने अपने अपने अनुभव बताए । कार्यकम का संचालन अश्वानी कौरव ने किया आभार अनुज ममार ने किया । प्रेमी राम रत्न शर्मा अपना डॉग लेकर पहुंच गए,बच्चो सहित उपस्थित जनों ने डॉग की बाफादारी,और मस्ती देखी, डॉग कार्यक्रम मालिक के पास बैठा रहा और आकर्षण के केंद्र बना रहा, शर्मा ने भी अपने डॉग की खासियत बताते हुए उससे होने वाले लाभ बताए ।। इस अवसर पर बड़ी संख्या में पशु प्रेमी गीत गोविंद पटेल ,रामकुमार विश्वकर्मा , संजीव पटेल, नितिन तिंगनाथ सुभाष कौरव आदि उपस्थित थे ।

## हाईटेंशन तार की चपेट में आने से लाईन मैन झुलसा

नरसिंहपुर

थाना ठेमी के अंतर्गत आने वाला ग्राम पंचायत मोहास में चंदपुरा मार्ग पर स्थित एक खेत पर विद्युत ट्रांसफार्मर का कार्य के दौरान एक लाईनमेन करंट की चपेट में आ जाने के कारण वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। उक्त घटना के संदर्भ में वहां मौजूद सूत्रों द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, विदित हुआ कि गत दिवस रविवार 05 मई को करीबन दस से ग्यारह बजे के आसपास मोहास पंचायत स्थित चंदपुरा गांव पहुंच मार्ग पर कृषि कार्य के लिए खेत पर विद्युत ट्रांसफार्मर लगाने के दौरान अचानक विद्युत सप्लाई संचालित हो जाने के कारण विद्युतकर्मी मिलन यादव ग्राम पंचायत कमोद रहली निवासी, जो कि हाई टेंशन करेंट की चपेट आ जाने के कारण गंभीर रूप से झुलस गया है। हालांकि संबंधित विद्युत सबस्टेशन से विद्युत कार्य कराने के लिए परमिट आदि तो लिया गया था। किन्तु अचानक विद्युत सप्लाई हो गई, जिसके चलते वह हाई टेंशन लाईन की चपेट में आ गया और बुरी तरह से झुलस गया। स्थानीय



लोगों ने जैसे ही विद्युतकर्मी को करंट की चपेट में आने से देखा तो सभी भयभीत हो गए, तत्काल ही आनन-फानन में वहां मौजूद लोगों द्वारा अपने निजी वाहन से नरसिंहपुर जिला अस्पताल इलाज के लिए ले जाया गया। जहां पर चिकित्सकों द्वारा जांच पड़ताल के दौरान गंभीर स्थिति होने के कारण उसे जबलपुर मेडिकल रिफर कर दिया गया। जहां विधुत करेंट से पीड़ति लाइनमैन का इलाज किया जा रहा है। समाचार लिखे जाने तक उनके परिजनों द्वारा लाईन मेन की सेहत में सुधार बतलाया गया।

## पंचमुखी मंदिर में मटके किये भेंट

**नरसिंहपुर** । ब्राह्मण महिला एकता परिषद नरसिंहपुर एवं राष्ट्रीय महिला जागृति मंच नरसिंहपुर टीम द्वारा शहर के एकांत में बने पंचमुखी हनुमान जी के मन्दिर पर वैशाख मां एकादशी शनिवार के दिन मटके रखकर प्याऊ की व्यवस्था की गई एवं वहां उपस्थित सभी भक्तों एवं राहगीरों को बेल का शरबत बांटा गया, साथ ही पक्षियों के लिए बड़े-बड़े सकोरे लगाए गए । मान्यता और भक्ति के स्वरूप पंचमुखी हनुमान पर लोग बहुत दूर दूर से आते हैं। पण्डित जी ने संकल्प दिलाकर इन मटको को स्वीकार किया और मंच के सदस्यों को बहुत आशीर्वाद दिया। इस पावन एवं पवित्र दिवस पर मंच की प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती विवेक पांडे, श्रीमतीं सरला पांडे, अरुणा भट्ट,नीरा बुधौलिया,मंजुलता पांडे,कविता दुबे,संचिता दुबे, सपना शर्मा,निशा सोनी एवं रेखा पटेल ने अपनी उपस्थिति दी। मंच के सभी सदस्यों ने संकल्प लिया कि वे आगे भी ऐसे मन को सन्तुष्टि देने वाले कार्य करेंगे।



## नगण्य व्यवस्थाओं के बीच महाविद्यालयीन परीक्षायें आज से

तेंदूखेड़ा



चिलचिलाती धूप में दोपहर 11बजे से शाम 6बजे तक दो पारियों में बी ए बी एस सी और बी काम की महाविद्यालयीन परीक्षायें आज से शुरू हो रहीं हैं। संकीर्ण माहौल में 750 परीक्षार्थियों को बैठने की यहां सबसे बड़ी समस्या होगी।7 मई से प्रारंभ हो रहीं ये परीक्षाएं 27 मई तक चलेंगी। जिनमें बी ए की परीक्षाएं 17 मई बी एस सी 25 और बी काम की परीक्षाएं 27 मई तक चलेंगी। तेंदूखेड़ा शासकीय महाविद्यालय को परीक्षा केंद्र बनाया गया है लेकिन यहां पर इतने परीक्षार्थियों को बैठने के लिए पर्याप्त जगह ही नहीं है। महाविद्यालय में जहां शासकीय महाविद्यालय के छात्र शामिल होंगे वहीं संत मोनी महिला महाविद्यालय के छात्र भी शामिल रहेंगे। पहली सिप्ट 11बजे से प्रारंभ होगी वहीं दूसरी सिप्ट 3 बजे से शुरू होगी। नगर के बाहर चिलचिलाती भीषण गर्मी में छात्र छात्राओं को यहां तक पहुंचना ही सबसे बड़ी समस्या है।साथ ही महाविद्यालय में 40 40छात्र बैठने वाले क्षमता के तीन कमरे ही है।बाकी दो दहलाने है। इन्हीं में इन छात्रों को बैठना होगा। लेकिन पीछे से सीधी धूप अंदर तक पहुंचती है। छाया को लेकर पर्याप्त व्यवस्था की जरूरत होगी।

### नहीं है पानी की व्यवस्था टेंकरों से बुलाना पड़ता है पानी

दूसरी सबसे बड़ी समस्या यहां पर पीने के पानी को लेकर है। यहां पर पीने के पानी को लेकर एक दिन छोड़ एक दिन पेयजल सप्लाई का ही पानी आता है। लेकिन वह भी दूरी के मान से कभी कम कभी कम बीच बीच में लाइन गड़बड़ी तो बिजली की समस्या के चलते पानी की किल्लत ही है। पानी के टेंकर बुलाकर ही व्यवस्था हो पाती है। लेकिन तपती दोपहरी में टेंकर का पानी क्या छात्रों की प्यास बुझा पायेगा यह सोचनीय विषय है। महाविद्यालय में दो दो बाटर कूलर तो हैं लेकिन गड़बड़ पड़े हुए हैं।या तो अलग से कंटेनर लेना पड़ेगा या अन्य कोई व्यवस्था जरुरी है।

### नहीं है कूलर पंखें

छात्रों को केवल अपनी पठन पाठन की ही परीक्षा ही नहीं देनी है बल्कि भीषण गर्मी के बीच परीक्षा देना किसी अग्नि परीक्षा से कम नहीं है। महाविद्यालय में मात्र तीन कूलर है। जिनमें दो ही केवल काम चला रहे हैं। एक खराब पड़ा हुआ है। कमरों में पंखे तो है लेकिन दहलान में पंखे ही नहीं है।गर्म हबा फेंकतें पंखों के बीच बैठ पाना छात्रों को कहीं बीमार ना कर दे।इस संबंध में हमारे प्रतिनिधि ने प्रभारी प्राचार्य श्रीमती अपर्णा चैवे से चर्चा की गई तो उनका कहना था कि 27मई तक परीक्षाओं को संपन्न तो कराना है। वैकल्पिक व्यवस्था करनी पड़ेगी टेंकरो से पानी बुलाने से लेकर नेट बांधकर छाया करने एवं बाहर दहलान में डेस्क टेबिल जमवाकर बैठक व्यवस्था बनाई जायेगी। छात्रों के स्वास्थ्य का भी परीक्षा के दौरान पूरा ध्यान रखा जायेगा।

## जुड़वा भाईयों ने किया परिवार का नाम रोशन

**तेंदूखेड़ा-** मन में दृढ़ इच्छा संकल्प शक्ति के साथ यदि अपने लक्ष्य के प्रति सजग रहने पर सफलता सुनिश्चित हासिल होती है।



ऐसा ही एक उदाहरण ग्राम इमलिया के प्रतिष्ठित नर्मदा प्रसाद पटेल के जुड़वा सुपुत्रों ने हायर सेकेंडरी स्कूल प्रमाण पत्र परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करते हुए सफलता प्राप्त की। गणित संकाय में अध्यनरत प्रणव पटेल ने 94.4: प्रतिशत व अभिजीत पटेल ने 95.4: अंक प्राप्त करते हुए परीक्षा उत्तीर्ण की। इसके पूर्व में भी हाईस्कूल प्रमाण पत्र परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करते हुए जिले की प्रवीण सूची में नाम दर्ज कराया था। दोनों छात्रों ने बताया कि हमारी पारिवारिक स्थिति इतनी मजबूत नहीं है कि हम आगे की पढ़ाई और अच्छे से कर सकें हमारे पिताजी शासकीय स्कूल में मध्यान भोजन बनाने का कार्य करते हैं ।हमारा पूरा परिवार गायत्री परिवार संस्थान से जुड़ा हुआ है परंतु माता-पिता के हौसला और आशीर्वाद ने हमारा मनोबल हमेशा बनाए रखें जिसके कारण ही हम इस परिणाम तक पहुंच सके। दोनों छात्रों की इस सफलता पर संस्था परिवार द्वारा बधाई शुभकामनाएं दी गई।

## मंदिर पुजारी की हत्या पर सामाजिक संगठनों ने जताया आक्रोश, सौंपा ज्ञापन



**नरसिंहपुर** । जिला मुख्यालय की तहसील करेली नगर के प्रमुख देवालय मदार टेकरी मंदिर में पुजारी की हत्या को लेकर सनातन युवा ब्राह्मण महासभा एवं अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार सुरक्षा संगठन ने एसपी ऑफिस पहुँचकर एडिशनल एसपी को ज्ञापन सौपा और मंदिर पुजारी की निर्मम हत्या करने वाले हत्यारे को गिरफ्तार कर कठोर से कठोर कार्रवाई की मांग की वहीं एडिशनल एसपी नागेंद्र पटेरिया ने कहा कि पुलिस हर पहलू पर सघनता से जांच कर रही है जिसके परिणाम शीघ्र ही सामने आएंगे और ऐसे अपराध करने वाले हत्यारों को बक्शा नहीं जाएगा। वही ज्ञापन के समय सनातन युवा ब्राह्मण महासभा के साथ अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार सुरक्षा संगठन के पदाधिकारी और कार्यकतार्ओं की मौजूदगी रही।

## डीईओ ने किया पुस्तक मेला स्थल का निरीक्षण

**नरसिंहपुर** । राज्य शासन के स्कूल शिक्षा विभाग के निदेर्शानुसार व कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले के मार्गदर्शन में पुस्तक मेले का आयोजन 8 मई, बुधवार को सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक एमएलबी स्कूल नरसिंहपुर में किया जायेगा। पुस्तक मेले के आयोजन को लेकर तैयारी जोरो से चल रही है। इस संबंध में जिला शिक्षा अधिकारी एचपी कुर्मी ने एमएलबी स्कूल नरसिंहपुर पहुंचकर मेले के पूर्व की तैयारियों का जायजा लिया। दिव्यांग बच्चों के लिए मेले में दुकान तक पहुंचने के लिए सुविधा, पेयजल, बैठक, छाया, मेडिकल आदि की व्यवस्था करने के जिला पुस्तक मेला समिति के नोडल एवं पदाधिकारियों को निर्देश दिये।

## मोक्षदायिनी है श्रीमद्भागवत कथा

तेंदूखेड़ा

समीपी ग्राम बंधा में चल रही श्रीमतभागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह के दौरान कथा व्यास कंचन देवी द्विवेदी ने पांचवें दिन की कथा में भगवान श्री कृष्ण की बाल लीलाओं के साथ साथ श्रीमद्भागवत महापुराण के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि सुख केवल भगवान के चरणों में है। भगवान के सम्मुख शरणागत होने को ही भागवत कथा कहा गया है। भागवत महापुराण से कल्याणकारी और कोई भी साधन नहीं है। व्यस्त जीवन में समय निकालकर कथा को अवश्य ही सुनना चाहिए। भागवत कथा अमृत है। इसके श्रवण करने से मनुष्य अमृतमयी हो जाता है। यह एक ऐसी औषधि है जिससे जन्म-मरण का रोग मिट जाता है। इसे पांचवां वेद कहा गया है, जिसे पढ़ सकते हैं और सुन सकते हैं। कृष्ण विष्णु के अवतार हैं। सनातन धर्म के



अनुसार भगवान विष्णु सर्वपापहारी पवित्र और समस्त मनुष्यों को भोग तथा मोक्ष प्रदान करने वाले हैं। जब-जब इस पृथ्वी पर असुर एवं राक्षसों के पापों का आतंक व्याप्त होता है तब-तब भगवान विष्णु किसी भी रूप में अवतरित होकर पृथ्वी के भार को कम करते हैं। वैसे तो भगवान विष्णु ने अभी तक तेईस अवतारों को धारण किया। इन अवतारों में सबसे महत्वपूर्ण श्रीराम और श्रीकृष्ण के ही माने जाते हैं। श्री कृष्ण का जन्म क्षत्रिय कुल में राजा यदु कुल के वंश में हुआ था। कथा व्यास ने कृष्ण के जीवन गाथा का विस्तार पूर्वक विवरण कर संगतों को कृष्ण के जीवन लीला के बारे में बताया गया। दिव्य भागवत कथा का आयोजन 2मई से 8 मई तक शाम 3 बजे शाम 6 बजे तक किया जा रहा है। कथा का आयोजन समस्त ग्रामवासियों के



सहयोग से किया जा रहा है कथा सुनने आसपास के ग्रामों से भी भक्त जन पहुंच रहे हैं ।